www.epaper.azadsipahi.in

19 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 20, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 299

यूपी कांग्रेस अध्यक्ष बनते ही अजय राय का दावा : अमेठी से चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी



## मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले में 10 हजार अभ्यर्थियों को सौंपा ऑफर लेटर

# सहायक पुलिसकर्मियों को दो वर्ष का अवधि विस्तार मिलेगा : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने कहा, जब से सरकार बनी, गिराने की साजिश होती रही है
- हमने लड़ कर राज्य लिये हैं, लड़ कर हक-अधिकार भी लेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि सहायक पुलिसकर्मियों के भविष्य को लेकर सरकार चिंतित है। इस दिशा में जल्द ठोस निर्णय लिये जायेंगे। राज्य के सहायक पुलिस कर्मियों को दो वर्ष का अवधि विस्तार मिलेगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को चाइबासा में आयोजित प्रमंडलीय रोजगार मेला में बोल रहे थे। उन्होंने 10 हजार अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर सौंपे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से सरकार बनी है, तब से गिराने की कोशिश हो रही है। सरकार ने राज्य की सवा तीन करोड़ की आबादी की सेवा करने का संकल्प ले रखा है। इस दिशा में काफी कम समय में हमने कई ऐसे निर्णय लिये हैं, जो राज्य को आगे बढ़ा रहे हैं। जन कल्याण से जुड़ी योजनाएं अब धरातल पर उतर रही हैं और उसका असर भी दिख रहा है।

**चारों ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में चारों ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं। इस कड़ी में पढ़े-लिखे, कम पढ़े-लिखे और निरक्षर लोगों के लिए रोजगार की कई योजनाएं चल रही हैं। वहीं, जो स्वरोजगार के इच्छुक हैं, उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद कर रहे हैं।

**सिर्फ रोजगार नहीं दे रहे, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में मदद दे रहे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सिर्फ युवाओं को रोजगार नहीं दे रहे हैं, बल्कि उन्हें प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्स करने के लिए सरकारी मदद भी कर रहे हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत युवाओं को अपने प्रखंड में ही कौशल विकास का निःशुल्क प्रशिक्षण देने के लिए बिरसा केंद्र खोला गया है। विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए सरकार शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। अत्यंत संवेदनशील आदिवासी समुदाय के युवक-युवतियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम शुरू किया गया है। ऐसी कई और भी योजनाएं हैं, जो आपके भविष्य को बनाने के लिए सरकार ने शुरू की है।

**सरकारी हो या निजी क्षेत्र, आपके लिए कई मौके:** हेमंत सोरेन ने कहा कि एक ओर सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, तो निजी क्षेत्र में भी यहां के आदिवासियों-मूलवासियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने नियम बनाये हैं। उन्होंने कहा कि अब राज्य में कार्यरत निजी संस्थानों और कंपनियों में 40 हजार रुपये प्रति माह तक की नौकरियों में यहां के आदिवासियों-मूलवासियों को 75 प्रतिशत रोजगार देना अनिवार्य होगा। यह कानून बनने के बाद आज पहली बार कोल्हान की धरती से एक साथ 10,020 युवाओं को ऑफर लेटर मिलना राज्य के लिए मील का पत्थर है। मुझे यह जान कर भी बहुत खुशी हुई कि इसमें लगभग 9500 आदिवासी-मूलवासी हैं। इनमें 80 प्रतिशत आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के युवा हैं। यह सिलसिला आगे भी चलेगा और बड़े पैमाने पर यहां के युवाओं को रोजगार उपलब्ध करायेंगे।

**बेहतर जीवन के लिए बेहतर व्यवस्था देने का प्रयास:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आप मजबूत होंगे, तो आपके घर-परिवार में सुख समृद्धि आयेगी। जब आपका परिवार खुशहाल होगा, तो राज्य भी सशक्त और मजबूत बनेगा। इसी सोच के साथ सरकार आपको अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए आपके साथ खड़ी है। इस दिशा में संसाधनों का बेहतर प्रयोग करने के लिए कार्य नीति बनायी गयी है। हमारा संकल्प है राज्य की जनता को बेहतर जीवन के लिए बेहतर व्यवस्था दे सकें।

**चुनौतियों का सामना कर राज्य को नयी दिशा दे रहे:** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने लंबा संघर्ष कर झारखंड अलग राज्य लिया है। अब लड़ कर अपना हक-अधिकार भी लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भी आपके बीच से ही आया हूं, इसलिए आपकी समस्याओं से भलीभांति वाकिफ हूं। ऐसे में आपकी उम्मीदों के अनुरूप योजनाओं को बना कर उसे धरातल पर उतार रहे हैं। जब से हमारी सरकार बनी है, तब से कई चुनौतियों हमारे सामने आयीं, सरकार गिराने की साजिश रची जाती रही, तरह-तरह के हथकंडे अपनाये जा रहे हैं, लेकिन इन तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए आज हम राज्य को एक नयी दिशा दे रहे हैं।

**कार्यक्रम में थे मौजूद:** इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, चंपाई सोरेन, सत्यानंद भोक्ता, जोबा मांझी और बन्ना गुप्ता के अलावा सांसद गीता कोड़ा, विधायक सुखराम उरांव, निरल पूर्ति, सविता महतो, दीपक बिरुवा, सोनाराम सिंकू, मंगल कालिंदी, समीर मोहंती, संजीव सरदार और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### आदिवासी एकजुट होकर अपनी ताकत दिखायें

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बहुल राज्य है। अलग राज्य बनने के 20 वर्षों तक आदिवासियों के हितों को दरकिनार किया जाता रहा। जब हमारी सरकार बनी, तो आदिवासियों को विकास से जोड़ने के लिए कई योजनाएं शुरू की। आदिवासी कला-संस्कृति और परंपरा को अलग पहचान मिले, इसलिए आदिवासी महोत्सव का भव्य आयोजन शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि देश के आदिवासियों पर लगातार अत्याचार हो रहा है। उन्होंने आदिवासियों से कहा कि वे एकजुट हों और अपनी ताकत दिखायें, तभी वे मजबूत बनेंगे और आगे बढ़ेंगे।

# इंटीग्रो ने प्रणामी ग्रुप के साथ निवेश के लिए साझेदारी की

- मल्टीपल लैंडमार्क रियल एस्टेट परियोजनाओं में 225 करोड़ रुपये के निवेश की योजना



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इंटीग्रो, अग्रणी तकनीक-संचालित रियल एस्टेट निवेश मंच, गर्व से प्रणामी ग्रुप के साथ अपने सहयोग की घोषणा करता है, जो 23 साल से अधिक के उल्लेखनीय ट्रैक रिकॉर्ड के साथ रियल एस्टेट उद्योग में एक प्रतिष्ठित नाम है। इस रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से कंपनी प्रणामी ग्रुप के साथ आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं की एक श्रृंखला में 225 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जो अपने निवेशकों के लिए बेहतर परिणाम देने के लिए इंटीग्रो की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी। दूरदर्शी अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक विजय अग्रवाल के नेतृत्व में प्रणामी समूह, रियल एस्टेट क्षेत्र में एक बड़ी ताकत रहा है। पूर्वी भारत के सबसे बड़े मॉलों में से एक प्रतिष्ठित नये 'मॉल ऑफ रांची' सहित 5 मिलियन वर्ग फुट से अधिक के प्रभावशाली पोर्टफोलियो के साथ, समूह ने लगातार नवीन और उच्चतम गुणवत्ता वाले रियल-एस्टेट प्रोजेक्ट बनाने में उत्कृष्टता का उदाहरण दिया है।

इंटीग्रो के सीइओ और संस्थापक रामाश्रय यादव ने कहा कि हमें इस रोमांचक उद्यम में प्रणामी ग्रुप के साथ हाथ मिला कर खुशी हो रही है। उनकी विशेषज्ञता, उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और दृष्टिकोण संस्थागत-ग्रेड रियल एस्टेट परिसंपत्तियों तक अद्वितीय पहुंच प्रदान करने के इंटीग्रो के मिशन के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं। यह सहयोग कई फंड योजनाओं के माध्यम से कई परियोजनाओं में 225 करोड़ रुपये के निवेश पर केंद्रित होगा। इनमें मुंबई के उपनगर अंधेरी और घाटकोपर में प्रणामी समूह द्वारा हाल ही में अधिग्रहीत विकास शामिल हैं। रियल एस्टेट निवेश के लिए इंटीग्रो का तकनीक-संचालित दृष्टिकोण पारदर्शिता और सक्रिय परिसंपत्ति प्रबंधन सुनिश्चित करेगा, निवेशकों को ऐतिहासिक परियोजनाओं में भाग लेने और स्थायी अल्फा लाभ प्राप्त करने के लिए सशक्त बनायेगा। प्रणामी ग्रुप के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक विजय अग्रवाल ने कहा कि प्रणामी ग्रुप में, हमने हमेशा असाधारण आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाएं देने का प्रयास किया है, जो अपेक्षाओं से अधिक हैं।

(शेष पेज 8 पर)

## न्यूज रील्स


### जातीय गणना पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

पटना। बिहार में जाति आधारित गणना पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गयी। कोर्ट ने पटना हाइकोर्ट के फैसले पर किसी भी तरह की रोक लगाने से मना कर दिया है। सुनवाई के दौरान बिहार सरकार की ओर से बताया गया है कि बिहार में सर्वे का काम पूरा हो चुका है। आंकड़े भी अपलोड कर दिये गये हैं, जिसके बाद याचिकाकर्ता के वकील ने बिहार में हो रही जातिगत गणना का ब्योरा रिलीज कराने की मांग कर दी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि बिहार सरकार का पक्ष सुने बिना कोई रोक नहीं लगायी जा सकती।









# 2024 में मोदी के विश्वास और विपक्ष के हौसले की होगी परीक्षा

## ■ देशहित के मुद्दों पर लगातार आगे दिख रहा है पीएम मोदी और भाजपा का स्टैंड

## ■ विचारों की कमी से जूझ रहे विपक्षी दल, इसलिए केवल विरोध ही दिख रहा

**आजाद सिपाही विशेष**

**प्रबंधन गुरु माइकल पोर्टर के मुताबिक किसी भी रणनीति का मूल तत्व यह चुनना होता है कि क्या नहीं करना है। कुछ साल पहले एक कामयाब उद्यमी ने अनौपचारिक बातचीत में कुछ न करने की रणनीति के भारतीय तर्क के बारे में बताया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव का वह मशहूर कथन भी उल्लेखनीय है, 'निर्णय न लेना भी एक निर्णय होता है।' उद्यमी को उसके पिता से मिली सीख का सार यह था कि विरोधी हमेशा आपकी बुद्धिमत्ता और सही काम करने की क्षमता पर संदेह करेंगे, लेकिन किसी भी तरह के प्रलोभन में फंसना और कुछ कर या कह कर संदेह को सही साबित करना बड़ी भूल साबित हो सकती है। भारत के विपक्षी राजनीतिक दलों के गठबंधन का मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला कुछ ऐसा ही था। इस पूरी कसरत और फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाल किला से दिये गये भाषण ने साफ कर दिया कि 2024 के मुकाबले में एक तरफ उनका विश्वास और विश्वगुरु भारत के लिए उनका विजन होगा, तो दूसरी तरफ विपक्षी गठबंधन होगा। पीएम मोदी के ताबड़तोड़ इन दोनों भाषणों ने विपक्षी खेमे के सबसे भयावह डर को सामने ला दिया। विपक्षी दल इन भाषणों के छिद्रान्वेषण में व्यस्त हो गये, तो दूसरी तरफ पीएम मोदी ने पूरे माहौल को 2024 के अपने चुनावी अभियान के शुभारंभ में बदल कर रख दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने चुनाव अभियान में अपनी बढ़त भी कायम कर ली, क्योंकि विपक्ष के नेता अब तक अपना वह स्थायी आधार भी तैयार नहीं कर सके हैं, जहां से उनका अभियान उड़ान ले सके। इतना ही नहीं, विपक्षी दलों का वह रवैया भी सामने आ गया, जिसमें उनकी पूरी रणनीति केवल विरोध की राजनीति पर टिकी हुई है और उसमें देशहित का कहीं नामो-निशान नहीं है। अविश्वास प्रस्ताव और स्वतंत्रता दिवस पर पीएम मोदी के भाषण के बाद क्या है देश का राजनीतिक माहौल और कैसा हो सकता है चुनावी परिदृश्य, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

पहले लोकसभा में और फिर स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार अपनी सरकार बनाने का दावा करके साफ संकेत दे दिया है कि अपनी तीसरी जीत के लिए मोदी के नेतृत्व में भाजपा वे सारे राजनीतिक प्रयास करेगी, जो चुनाव जीतने और सरकार बनाने के लिए करना जरूरी होगा। दो बार भारतीय लोकतंत्र के दोनों सबसे बड़े मंचों से प्रधानमंत्री मोदी का यह दावा विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के लिए चुनौती भी है और चेतावनी भी। अब मोदी को हटाने के लिए एक साथ आये विपक्षी गठबंधन के कांग्रेस समेत 26 दल और उनके नेता मोदी के इस अति विश्वास का मुकाबला क्या लोकसभा चुनावों में भी अपने उसी हौसले से करेंगे, जैसे ये दल अपने-अपने राज्यों के विधानसभा चुनावों में करते आये हैं, क्योंकि यह कहा जाता है कि नरेंद्र मोदी का जादू कई बार राज्यों की विधानसभा चुनावों में भले ही उतना नहीं चल पाया, जितना लोकसभा चुनावों में अब तक चला है।

अमेरिका के संस्थापकों में से एक और प्रख्यात राजनीतिक विचारक बेंजामिन फ्रेंकलिन ने कहा था कि अगर आप तैयारी करने में असफल रहे हैं, तो इसका मतलब है कि आप विफल होने की ही तैयारी कर रहे हैं। भारत का वर्तमान सियासी माहौल ऐसा ही कुछ साबित कर रहा है, जिसमें एक तरफ लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के प्रति पीएम मोदी और भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए पूरी तरह आश्वस्त दिख रहा है, तो दूसरी तरफ विपक्षी दल अब तक केवल अपने हौसलों के दम पर मुकाबला जीतने का सपना पाले हुए हैं। देश का यह सियासी माहौल पिछले 10 दिनों में बना है, जब विपक्षी दलों ने लोकसभा में मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया, उस पर चर्चा हुई, पीएम मोदी का जवाब सामने आया। फिर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किला से पीएम मोदी ने विश्वगुरु भारत के प्रति अपने विजन और सत्ता में लौटने का अपना विश्वास जताया।

पहले बात अविश्वास प्रस्ताव की। राजनीति का ब्रह्मास्त्र कहे जानेवाले अविश्वास प्रस्ताव का इतना लचर इस्तेमाल भी हो सकता है, यह पहली बार सामने आया। सरकार के खिलाफ विपक्ष के हमले में न धार थी, न फोकस था। जो सांसद अच्छे वक्ता थे, उन्हें सामने नहीं लाया गया। राहुल गांधी को असहमति की आवाज का नेतृत्व करने की भूमिका के लिए चुना गया, ताकि वह अविश्वास प्रस्ताव के औचित्य को समझा पायें। उन्होंने जोश तो दिखाया, लेकिन बार-बार भारत माता की हत्या कहते हुए मूल विषय से भटके हुए दिखे। अपने भाषण के दौरान न वह सबूतों के माध्यम से सरकार को घेर पाये और न ही वीभत्स चित्रण ही कर पाये। दूसरे विपक्षी दल भी बिखरे थे और वे सदन में सिर्फ मणिपुर-मणिपुर की नारेबाजी करते रहे। ऐसा करते समय वह भूल गये कि उनके नेता ने सिर्फ मणिपुर पर ही जवाब नहीं मांगा, बल्कि हर फ्रंट पर सरकार को घेरना चाहा, जिसका जवाब तो गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देना ही था। इससे यह साफ हो गया कि अविश्वास प्रस्ताव के इस अचूक हथियार का मतलब केवल सरकार और सत्ता पक्ष का विरोध करना ही था, भले ही इस क्रम में खुद बेपर्दा हो जायें। अविश्वास प्रस्ताव लानेवाले विपक्ष को इन सभी पर समग्र ढंग से अपनी बात कहनी चाहिए थी, पर ऐसा हो नहीं पाया। आज के इंटरनेट युग में 'धारणा' की लड़ाई जीतने के लिए नयी तरह की राजनीति जरूरी है। भाजपा इसके लिए आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करती है, पर विपक्ष अब भी पुरानी मुहावरेबाजी में लगा है।

विपक्ष द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव में संख्या बल की वजह से सरकार भारी पड़ी और मतदान में अपनी तय हार देख कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बीच में ही विपक्ष ने सदन से वाकआउट करके अपनी लाज और साख बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन इस कोशिश में वह बेपर्दा हो गया। इस अविश्वास प्रस्ताव पर हुई बहस के दौरान जिस तरह सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक दूसरे पर हमले किये, उससे यह तय हो गया है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में मुकाबला सत्ताधारी एनडीए के आत्मविश्वास और विपक्षी आइएनडीआइए गठबंधन के हौसले के बीच होगा। सदन में बहस के दौरान विपक्ष द्वारा उठाये गये मुद्दों और सवालों का जवाब देते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब अपने संबोधन में कहा कि 2024 में वह तीसरी बार लगातार अपनी सरकार बनायेंगे और विपक्ष अगली बार 2028 में जब अविश्वास प्रस्ताव लाये, तो पूरी तैयारी से लाये। यह उनका आत्मविश्वास ही है, जो न सिर्फ भाजपा, बल्कि पूरे एनडीए को ताकत देता है। वहीं अपनी सदस्यता बहाल होने के बाद अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान राहुल गांधी मणिपुर की हिंसा को भारत माता पर हमला बताते हैं, तो यह उनका हौसला ही है कि वह राष्ट्रवाद की उस पिच पर बैटिंग करने जा रहे हैं, जिस पर भाजपा और पूरा संघ परिवार अपना एकाधिकार समझता है।





इसके बावजूद पिछले कुछ महीनों में विपक्षी दलों की कुछ उम्मीदें जगी हैं। उन्हें एहसास हो गया है कि लोगों में कहीं न कहीं बेचैनी है। लेकिन इस आधार पर एक मुहिम चला कर सत्ताधारी पार्टी को चोट पहुंचाने में उसे कामयाबी नहीं मिल सकी है। राजनीतिक बयानबाजियां देश की आकांक्षाओं और राजनीति में फर्क नहीं कर पा रहीं। राजनीतिक दलों को देश के सांस्कृतिक, आर्थिक और भू-राजनीतिक परिप्रेक्ष्यों और राजनीतिक सत्ता में फर्क करना होगा। देशहित में जो जरूरी है, वह यह कि विपक्ष केवल यह न दर्शाये कि वह किसके खिलाफ है, बल्कि यह भी बताये कि वह आखिर चाहता क्या है। वह केवल आलोचना न करे, बल्कि यह भी सुझाये कि किसी काम को बेहतर कैसे किया जा सकता है। राजनीति केवल बहस करने का धंधा नहीं है। भारत को अपनी क्षमताओं को साकार करने के लिए राजनीतिक वर्ग से भी प्रतिस्पर्धी विचारों की दरकार है।

अब जब 2024 की चुनावी लड़ाई एनडीए बनाम आइएनडीआइए होकर आम तौर पर दो ध्रुवीय होती दिख रही है, तब इनकी ताकत और कमजोरी पर भी एक नजर डालनी चाहिए। एनडीए की ताकत, जिसका जिक्र पहले हो चुका है, के अलावा आनेवाले दिनों के कुछ ऐसे घटनाक्रम हैं, जिनसे भाजपा और पूरे एनडीए को भरोसा है कि 2024 के लिए उसके पक्ष में माहौल बन जायेगा। भाजपा नेताओं के मुताबिक पहला है सितंबर में होनेवाला जी-20 देशों का शिखर सम्मेलन, जो भारत के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक नेता की ऐसी छवि बनायेगा, जिसके सामने विपक्ष और उसके सारे नेता बौने साबित होंगे। पूरा देश मोदीमय होगा और इसका चुनावी लाभ भाजपा और एनडीए को मिलेगा। दूसरा बड़ा और ऐतिहासिक आयोजन अगले साल 21 से 24 जनवरी के बीच अयोध्या में श्रीराम मंदिर का भव्य उद्घाटन समारोह का है।

दूसरी तरफ विपक्षी गठबंधन ऐसे नेताओं का समूह है, जो अपने अपने प्रभाव क्षेत्र में एनडीए के मुकाबले सबसे बड़ी ताकत हैं और कांग्रेस उनके प्रभाव क्षेत्र में बेहद कमजोर है। इस गठबंधन में किसी एक नेता या दल की नहीं, सबकी चलेगी और इसलिए सीटों के बंटवारे में एनडीए के मुकाबले खासी खींचतान की संभावना है। खासकर दिल्ली, पंजाब, पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र में कांग्रेस के साथ इन राज्यों के क्षेत्रीय दलों के साथ सीट बंटवारे का मामला उलझाऊ है। यही सीट बंटवारा विपक्षी गठबंधन के नेताओं की सबसे बड़ी अग्निपरीक्षा है, जिसमें उन्हें खरा उतरना है। अगर विपक्षी गठबंधन सीट बंटवारे की बाधा को सफलतापूर्वक पार कर गया, तो उसका हौसला एनडीए के विश्वास को मजबूत चुनौती और टक्कर दे सकेगा। तब जनता को विश्वास और हौसले के बीच अपनी पसंद तय करनी होगी। लेकिन क्या स्वार्थ और महत्वाकांक्षा से लबरेज विपक्ष के नेता राजनीतिक कुर्बानी देने को तैयार होंगे, यह सबसे बड़ा सवाल है।




## लालू यादव की जमानत रद्द कराने सुप्रीम कोर्ट पहुंची सीबीआइ

# याचिका मंजूर, 25 अगस्त को सुनवाई होगी

**तेजस्वी बोले, चुनाव तक ये लोग लगातार तंग करेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** चारा घोटाला केस में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की जमानत रद्द कराने के लिए सीबीआइ ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगायी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका मंजूर कर ली है। इस पर 25 अगस्त को सुनवाई होगी। जांच एजेंसी ने झारखंड हाइकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। सीबीआइ ने याचिका में कहा है कि झारखंड हाइकोर्ट के जमानत के आदेश का आधार गलत है। लालू यादव ने सजा के मुताबिक समय जेल में नहीं बिताया है।

झारखंड हाइकोर्ट ने पिछले साल अप्रैल में मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि लालू यादव पहले ही सजा का आधा हिस्सा काट चुके हैं। 30 अप्रैल 2022 को लालू यादव को जमानत दे दी गयी थी। लालू करीब 3 साल तक रांची के जेल में रहे। बिहार के डिप्टी सीएम और लालू के बेटे तेजस्वी यादव ने कहा है कि चुनाव आ रहा है तो अब ये सब चलता रहेगा। अब ये लोग लगातार तंग करेंगे, हम लोग डरेंगे नहीं। कोर्ट में अपनी बात रखेंगे और जीतेंगे।

## राजद नेता और पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह डबल मर्डर में दोषी करार

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट ने राजद नेता और पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को 1995 के डबल मर्डर मामले में दोषी ठहराया। साथ ही उन्हें बरी करने के पटना हाइकोर्ट के आदेश को पलट दिया। प्रभुनाथ सिंह पर 1995 में मसरख के एक मतदान केंद्र के पास एक दरोगा राय और राजेंद्र राय नाम के दो लोगों की हत्या का आरोप है। दोनों ने प्रभुनाथ सिंह समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में वोट नहीं डाला था, जिसके बाद उनकी हत्या कर दी गयी।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.6 °c | 23.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.20 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.26 बजे |



## साहिबगंज में बाबूलाल ने की प्रेस कांफ्रेंस, राज्य सरकार पर किया प्रहार, कहा-

# सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण के खिलाफ जनजागरण ही संकल्प यात्रा का उद्देश्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**साहिबगंज।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दूसरे दिन शुक्रवार को साहिबगंज में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त करने का आह्वान किया है। कहा कि झारखंड में तो राज्य संपोषित भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि राज्य के ऑफिसर, थाना, ब्लॉक, अंचल में गरीबों से काम के लिए पैसे मांगते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार अवैध खनन को बढ़ावा दे रही है, क्योंकि इसकी उगाही में सबका ऊपर से लेकर नीचे तक शेयर है, जबकि वैध खनन का पैसा सरकार के खजाने में जायेगा। उन्होंने कहा कि परिवारवाद सामाजिक न्याय के खिलाफ है। सोरेन परिवार की राजनीति राज्य की सेवा के लिए नहीं, अपने लाभ और स्वार्थ के लिए है, इसलिए सोरेन परिवार की डायनेस्टी को राज्य से उखाड़ फेंकने के लिए जनता को संकल्पित होना होगा।

बाबूलाल मरांडी ने राज्य में व्याप्त तुष्टिकरण को उजागर करते हुए कहा कि राज्य सरकार विधानसभा में नमाज कक्ष खोलती है, सामान्य विद्यालयों को उर्दू विद्यालय में बदल देने, प्रार्थना की पद्धति बदल देने पर कार्रवाई नहीं करती है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की मनोवृत्ति रखनेवालों से राज्य का बड़ा नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा भेजे गये गरीबों के अनाज की लूट हो रही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आदिवासी का रोना रोते हैं, लेकिन भूल जाते हैं कि गलत करने पर किसी को कानून में छूट नहीं। उन्हे सत्ता में बने रहने का कोई औचित्य नहीं है।

## नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायें राजमहल लोकसभा सीट जितायें : बाबूलाल

**राजमहल (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी की संकल्प यात्रा के दूसरे दिन राजमहल विस को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मारंडी ने हेमंत सरकार को भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई सरकार करार देते हुए कहा कि कांग्रेस, जेएमएम और राजद सभी दलो ने मिल कर झारखंड को खोखला बना दिया है। खुले हाथ लूटने में व्यस्त हैं। प्रधानमंत्री द्वारा भेजे जा रहे पैसों की भी बंदरबांट हो रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन बरहेट से विधायक हैं किंतु इस ज़िले की स्थिति बद से बदतर है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने कोविड के दौरान अनाज भेजा, किंतु इसकी भी बंदरबांट हो गयी। गरीबों के लिए भेजे जा रहे अनाजों की चोरी करनेवालों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है, क्योंकि कमीशन ऊपर तक जाता है। पत्थर, बालू, कोयला, लोहा सब दलाल बिचौलिया बेच रहे हैं। किंतु आदिवासियों को लीज नहीं दी। उन्होंने हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संकल्प लें कि राजमहल सीट जीतकर प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करना है।

### बांग्लादेशियों को चुन-चुन कर बाहर करेंगे

सभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि साहिबगंज, पाकुड़ में बांग्लादेशियों को बसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो बांग्लादेशियों को चुन-चुन कर बाहर किया जायेगा।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
G20

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## स्वास्थ्य विभाग के सर्वे में अब तक 2818 घरों में मिले डेंगू के लारवा

रांची (आजाद सिपाही)। इस मौसम में डेंगू से सुरक्षा के लिए सावधानी और उपाय किये जाने के संबंध में सभी जिलों को मार्गदर्शिका भेजी गयी है। मार्गदर्शिका के अनुसार सभी जिलों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर उन बर्तनों की जांच कर रहे हैं, जिनमें काफी दिनों से पानी रहने के कारण मच्छर पनपते हैं। साथ ही उस घर में रहनेवाले लोगों को इसके लिए जागरूक किया जा रहा है। वेक्टर जनित रोग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मच्छरों के लारवा के आकलन के लिए इंटामालाजिकल सर्वे का कार्य 1 जुलाई से प्रारंभ किया गया है, जो 30 नवंबर तक चलेगा। अभी तक 64550 घरों का सर्वे किया जा चुका है, जिसमें 2818 घरों में डेंगू के लारवा मिले। कुल 158404 जल पात्रों को जांचा गया, जिसमें 3629 जल पात्रों में डेंगू के लारवा पाये गये।




## दाहू यादव को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत, कहा-इडी कोर्ट में करें सरेंडर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट से साहिबगंज में अवैध खनन के आरोपित और पंकज मिश्रा के सहयोगी दाहू यादव ऊर्फ राजेश यादव को राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अदालत ने दाहू यादव की याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने प्रार्थी को दो सप्ताह में इडी कोर्ट में सरेंडर करने का निर्देश दिया है।

### झारखंड हाइकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

दाहू यादव की ओर से झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की गयी थी। झारखंड हाइकोर्ट ने 13 अप्रैल को दाहू यादव की याचिका को खारिज कर दिया था। दाहू ने इडी कोर्ट से जारी वारंट और कुर्की के आदेश को चुनौती देते हुए हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

इडी कोर्ट ने 30 अप्रैल को दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव के खिलाफ कुर्की-जब्ती का आदेश जारी किया है। इस आदेश को भी दाहू यादव ने हाइकोर्ट में चुनौती दी है। इडी कोर्ट ने दाहू यादव और सुनील को कई बार समन जारी किया था लेकिन दोनों कोर्ट में हाजिर नही हुए थे। इसके बाद गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया। इश्तेहार चिपकाने और बाद में संपत्ति कुर्क करने का आदेश इडी कोर्ट ने जारी किया।




## टीएसपीसी ने ली राजेंद्र साहू की हत्या की जवाबदेही



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** इलाके के चर्चित भाजपा नेता और कोयला कारोबारी राजेंद्र साहू की हत्या की जवाबदेही प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी ने ली है। इस संबंध में संगठन की ओर से दो पेज का एक बयान जारी किया गया है। इसमें उत्तरी दक्षिणी जोनल कमेटी के अभिषेक का हस्ताक्षर है। इसमें लिखा है कि 12 अगस्त को साहू की हत्या फौजी कार्रवाई में की गयी है। संगठन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि करीब एक करोड़ पांच लाख का गबन उनके द्वारा किया गया। यह राशि हथियार खरीदने के लिए उन्हें दी गयी थी। संगठन के नाम पर हाइवे और ट्रक मालिक से भी पैसे लिये गये थे। संगठन का करीब 70 करोड़ रुपये के गबन में शामिल होने का आरोप है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in






# हाइकोर्ट ने सीबीआइ को सौंपी जांच

## साहिबगंज अवैध खनन मामला

**एक महीने के भीतर रिपोर्ट देने का आदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज खनन मामले में शुक्रवार को हाइकोर्ट ने अहम फैसला लिया है। कोर्ट ने विजय हांसदा के खिलाफ साहिबगंज में दर्ज एसटी/ एससी केस की जांच सीबीआइ को सौंप दी है। विजय हांसदा ने साहिबगंज में दर्ज एसटी/ एससी केस की जांच सीबीआइ से कराने का अनुरोध करते हुए याचिका दायर की थी। कोर्ट में सीबीआइ को एक माह में प्रारंभिक जांच पूरा करने का निर्देश दिया है।

### आरोपी और याचिका के आचरण की जांच होगी

विजय हांसदा ने अपनी याचिका में बताया था कि साहिबगंज में हुए अवैध खनन को रोकने की कोशिश की, तो उन्हें पंकज मिश्रा की तरफ से धमकी दी गयी थी। अवैध खनन और धमकी दिये जाने के दोनों मामलों की जांच के लिए हाइकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में बताया गया था कि साजिश के तहत उनके खिलाफ साहिबगंज के थाने में एसटी/एससी केस दर्ज कराया गया। कोर्ट ने इस मामले में आदेश देते हुए सीबीआइ से कहा है कि आप आरोपी और याचिकाकर्ता दोनों के आचरण की जांच करें। इस मामले में जांच के आदेश की प्रति प्राप्त होने के के एक महीने के भीतर इसकी रिपोर्ट पेश करें।

### अवैध खनन का आरोप लगाया था

गुरुवार को कोर्ट ने प्रार्थी विजय हांसदा द्वारा सीबीआइ से जांच कराने की इस याचिका को वापस लेने के आग्रह को रद्द कर दिया था। विजय हांसदा ने हाइकोर्ट में दायर याचिका में कहा था पंकज मिश्रा और कई बड़े लोगों के द्वारा नींबू पहाड़ पर अवैध खनन पर जो शिकायत उन्होंने की थी, उस पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अवैध खनन में पंकज मिश्रा और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की बजाय पुलिस ने उसके खिलाफ ही प्राथमिकी दर्ज कर उसे ही जेल में बंद कर दिया। विजय हांसदा ने आरोप लगाया कि साहिबगंज में एससी /एसटी थाना में कांड संख्या 6 /2022 उसी पर दर्ज कर दी गयी। याचिका में इस मामले की ठीक से जांच कराने की अपील की थी।

### विजय हांसदा की शिकायत ही बनी थी इडी का आधार

ध्यान रहे कि विजय हांसदा द्वारा पुलिस में की गयी शिकायत के आधार पर अवैध खनन को लेकर पुलिस ने पंकज मिश्रा एवं अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इसी आधार पर इडी ने पंकज मिश्रा और अन्य के खिलाफ एक नयी ईसीआइआर दर्ज की है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता विजय हांसदा की ओर से अधिवक्ता सुधांशु शेखर ने कोर्ट के समक्ष बहस की। अब इस मामले की सीबीआइ जांच होगी।

### मारपीट का आरोप भी लगाया

विजय हांसदा ने अवैध खनन के मामले में इडी के गवाह पर मारपीट करने और धमकी देने का आरोप लगाया था। हांसदा ने थाने में दी गयी शिकायत में कहा है कि अशोक यादव और मुकेश यादव ने उससे हाइकोर्ट परिसर में मारपीट की। इसके अलावा साहिबगंज लौटते समय रास्ते में भी मारपीट की धमकी दी । बता दें कि इडी ने साहिबगंज में अवैध खनन के मामले में अशोक यादव और मुकेश यादव को गवाह बनाया है।

# भाजपा विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देनेवाली याचिका खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने डाल्टेनगंज विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देनेवाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी है। हाइकोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने पूर्व में सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, कांग्रेसी नेता केएन त्रिपाठी ने चुनाव याचिका दाखिल कर कहा था कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के नामांकन के दौरान आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष पूरी नहीं हुई थी। इस कारण वह चुनाव लड़ने के अयोग्य थे। इसलिए उनका निर्वाचन रद्द किया जाये। हाइकोर्ट ने मामले की पूरी सुनवाई के दौरान बहस और सबूतों की जांच के बाद पाया कि विधायक आलोक चौरसिया की जन्म तिथि 15 फरवरी 1988 है। हाइकोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने पूर्व में सभी पक्षों की सुनवाई पूरी करने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। सुनवाई के दौरान विधायक आलोक चौरसिया की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया था कि आलोक चौरसिया ने नामांकन फॉर्म भरते समय गलती से जन्मतिथि वर्ष 1995 लिख दिया था। बाद में वह इसे ठीक नहीं करा सके थे, लेकिन उन्होंने वर्ष 2012 में अपनी जन्म तिथि में सुधार की कार्रवाई शुरू की थी। इसके बाद वर्ष 2014 में उनकी जन्मतिथि में झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने सुधार किया था। याचिकाकर्ता केएन त्रिपाठी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता सलमान खुर्शीद, हाइकोर्ट के अधिवक्ता महेश तिवारी और अभिषेक कुमार दुबे ने बहस की थी। अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया था कि आलोक चौरसिया की जन्म तिथि 15 फरवरी, 1995 है। झारखंड विधानसभा चुनाव के नामांकन के समय में आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष से कम थी, इसलिए वह चुनाव लड़ने के योग्य नहीं थे।

# साहिबगंज अवैध खनन में सीबीआइ की इंट्री से सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने

*रांची (आजाद सिपाही)। साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले में हाइकोर्ट द्वारा सीबीआइ जांच के आदेश के बाद राज्य में सियासी सरगर्मी तेज होने लगी है। एक तरफ जहां विपक्ष ने हाइकोर्ट के इस आदेश का स्वागत किया है, तो वहीं दूसरी ओर सत्ता पक्ष का कहना है कि साहिबगंज जिले में हुए अवैध उत्खनन पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हुई है। जांच से हम घबराने वाले नहीं हैं।*

### हाइकोर्ट के आदेश का स्वागतः सीपी सिंह



हाइकोर्ट द्वारा मामले में सीबीआइ को जांच के आदेश देने के बाद बीजेपी के वरिष्ठ नेता सह विधायक सीपी सिंह ने कहा है कि सीबीआइ (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) जांच से सब कुछ स्पष्ट हो जायेगा। गलत करनेवालों को सजा मिलेगी। सीपी सिंह ने मामले में हाइकोर्ट के आदेश का स्वागत किया है।

### साफ हो जायेगा, भाजपा राज में क्या हुआ : सुप्रियो



इधर, साहिबगंज अवैध उत्खनन मामले में सीबीआइ जांच के आदेश पर जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मामले में सीबीआइ जांच से सारी चीजें साफ हो जायेंगी कि किनके कार्यकाल में क्या हुआ है। पहले क्या होता था और हमारी सरकार में क्या हो रहा है। सुप्रियो ने कहा कि यह सब कुछ ऑन पेपर है। इडी ने पूरी जांच नहीं की। इडी के जांच का परमिशन मनी लांड्रिंग तक ही सीमित है। सीबीआइ की जांच गहरायी तक होगी। हम लोग यही चाहते थे यह एक अच्छी पहल हुई है।

### पूर्ववर्ती सरकार में हुआ था अवैध उत्खनन : मनोज पांडे



वहीं, जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में साहिबगंज जिले में अवैध उत्खनन हुआ था हमारी सरकार में तो राजस्व 3 से 4 गुना बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सीबीआइ जांच की दिशा किस तरफ मुड़ती है यह देखना होगा। मामले में इडी पहले ही जांच कर चुकी है अब तक फला-फल क्या निकला। सीबीआइ जांच की औचित्य समझ से परे है। मनोज पांडे ने कहा कि हाल के कुछ वर्षों में केंद्र सरकार की जांच एजेंसियों पर सवाल उठते रहे हैं, जांच हो लेकिन सही दिशा में हो, हम जांच से घबराने वाले नहीं हैं।

# फर्जी नंनबैंकिंग फरार कंपनियों पर त्वरित करें कानूनी कार्रवाईः आयुक्त

**संथाल परगना के सभी डीसी एसपी के साथ बैठक कर आयुक्त ने दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल की अध्यक्षता में अनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध अधिनियम 2019 और झारखंड अनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध नियम 2022 के विभिन्न प्रावधानों के अधीन लो इंफोर्समेंट एजेंसी को प्रदत्त शक्तियों, कार्यों और दायित्व की जानकारी के लिए एकदिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वित्त विभाग रांची से आये संयुक्त सचिव अखौरी शशाक द्वारा पीपीटी के माध्यम से उक्त अधिनियम से संबंधित विस्तृत जानकारियों को बिंदुवार प्रदर्शित किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि इसके विनियमन के लिए सरकार द्वारा आयुक्त को सक्षम प्राधिकार और जिले के उपायुक्त को सक्षम प्राधिकार के सहायक पदाधिकारी नियुक्त किये गये हैं। अविनियमित जमा योजनाओं के प्रतिबंध के लिए 2019 में बने नियम के अंतर्गत अविनियमित जमा योजनाओं को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से कड़ी कार्रवाई के प्रावधान किये गये हैं। कार्यशाला में उपायुक्त, जामताड़ा, उपायुक्त, साहिबगंज, पुलिस अधीक्षक, देवघर, पुलिस अधीक्षक, जामताड़ा, पुलिस अधीक्षक, दुमका, पुलिस अधीक्षक, पाकुड़, आयुक्त के सचिव, अपर समाहर्ता, दुमका, अपर समाहर्ता, जामताड़ा एवं रांची से आये प्रशाखा पदाधिकारी श्रीकांत सारंगी और कनीय सचिवालय सहायक पियूष नयन और अन्य उपस्थित थे।



















































आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## मुख्यमंत्री के निर्देश पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किये जाने की कार्ययोजना तैयार

# 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के 800 शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण

**21 अगस्त से 13 अक्तूबर तक चलेगा प्रशिक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालय में सीबीएसइ की तर्ज पर पढ़ाई शुरू होने के उपरांत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर अब शिक्षकों को प्रशिक्षित किये जाने की कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। यह आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 अगस्त से 13 अक्तूबर 2023 तक जेसीइआरटी, रातू रांची में आयोजित होगा। इन शिक्षकों को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा, ताकि बदलते समय के अनुरूप बच्चों को और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सके।

80 उत्कृष्ट विद्यालयों के शिक्षकों के लिए विभिन्न चरणों में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रत्येक विद्यालय से 10 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रकार कुल 800 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। कुल पांच बैच में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। पहले बैच को 21-25 अगस्त, दूसरे बैच 11-15 सितंबर, तीसरे बैच को 18-22 सितंबर, चौथे बैच को 03-07 अक्टूबर एवं पांचवें बैच को 09-13 अक्टूबर 2023 तक प्रशिक्षण मिलेगा। इस प्रशिक्षण से पूर्व हर स्कूल के दो शिक्षकों को हर्ष जोहार के जरिए प्रशिक्षण मिल चुका है।

### प्रशिक्षण प्राप्त हेडमास्टर कर रहे बच्चों का मार्गदर्शन

मुख्यमंत्री के निर्देश पर इससे पूर्व 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दो चरणों में नेशनल सेंटर फॉर स्कूल लीडरशिप द्वारा कराया जा चुका है।

80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का दो चरण में प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। जनवरी 2023 में प्रधानाध्यापकों में क्षमता वर्धन हेतु आइआइएम, रांची एवं आइआइएम अहमदाबाद द्वारा 15 प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। अब शिक्षकों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण देने का कार्य शुरू हो रहा है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में वेबीनार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के द्वारा द बेनिफिट्स, चैलेंजेज एंड अपॉर्चुनिटी ऑफ ए कोऑपरेटिव ऐंड इंटरनेशनल लॉ डिग्री शिक्षक पर विभिन्न आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि यूरोपियन लॉ स्कूल, मास्त्रिचट यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड के प्रोफेसर सहाय दास गुरु ने अपना व्याख्यान दिया।

उक्त वेबीनार में विश्वविद्यालय के फैकेल्टी आफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक के द्वारा डिपार्टमेंट ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के द्वारा वेबीनार का आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी गयी।

संचालन वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ आरोही आनंद के द्वारा की गयी। मुख्य अतिथि का परिचय एवं वेलकम ऐड्रेस विधि विभाग की सहायक प्राध्यापिका कोमल कुमार गुप्ता द्वारा प्रस्तुत की गयी। वोट आफ थैंक्स की औपचारिकता विधि विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ रश्मि सहाय द्वारा पूरी की गयी।

कार्यक्रम के आयोजन में डीएसडब्ल्यू डॉ अशोक कुमार अस्थाना, डॉ नीतू सिंघी, डॉ आर के सिंह, डॉ राजीव रंजन एवं दिलीप महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार प्रो अमित गुप्ता, कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रबंधक अजय कुमार, प्रवीण कुमार, डॉ पूजा प्रेरणा, ओएसडी अनुभव अंकित आदि उपस्थित थे।

# झारखंड पुलिस की रिपोर्ट में खुलासा: छोटे आपराधिक और सांप्रदायिक घटनाओं को बढ़ा-चढ़ा कर दिया जा रहा तूल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि छोटे आपराधिक और सांप्रदायिक घटनाओं को भी बढ़ा-चढ़ा कर तूल दिया जा रहा है। झारखंड पुलिस द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि निकट भविष्य में होनेवाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर छोटी-छोटी आपराधिक घटनाओं, राजनीति या सांप्रदायिक मुद्दों से जुड़े छोटे-छोटे मुद्दों को भी विभिन्न राजनीतिक और अन्य संगठनों की ओर से बढ़ा चढ़ा कर तूल दिया जायेगा। इसके अलावा रिपोर्ट में कहा गया है कि पर्व त्यौहार के दौरान चोरी, डकैती, चेन स्नैचिंग और महिलाओं के खिलाफ जैसे अपराध में वृद्धि होगी। हाल के दिनों में झारखंड में धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाने और पवित्र करने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। हाल के दिनों में यह घटना राज्य के जमशेदपुर, हजारीबाग, बोकारो और पाकुड़ जिले में घटित हुई है। इसके अलावा कम संवेदनशील पर्व त्यौहार (सरस्वती पूजा, गणेश पूजा, मिलाद उन नबी) में भी हाल के वर्षों में विधि व्यवस्था की गंभीर उत्पन्न हो रही है।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संतोष साह
समाज सेवी सह अध्यक्ष चुंदीश्वर मंदिर रमना जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनीता देवी
मुखिया
ग्राम पंचायत सिलीदाग
प्रखण्ड रमना जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


मंसूर अंसारी
बीस सूत्री अध्यक्ष
प्रखण्ड रमना जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कमलेश पाण्डेय
अध्यक्ष डीलर संघ रमना जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शौकत अंसारी
जिला सचिव
अल्पसंख्यक मोर्चा
झारखंड मुक्ति मोर्चा गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रविन्द्र चौधरी
समाजसेवी सह भाजपा मण्डल महामंत्री रमना जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वीटी वर्मा
मुखिया
ग्राम पंचायत मड़वनिया रमना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राकेश कुमार पाण्डेय
प्रधानध्यापक
उत्क्रमित उच्च विद्यालय भागोडीह, रमना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

भानु प्रताप शाही
विधायक भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री बंशीधर ऑटो
हीरो एजेंसी भवनाथपुर
मो. नं.-7631193768
9155197204



प्रो. मनीष कुमार
हीरो एजेंसी, भवनाथपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शांति देवी
अध्यक्ष
जिला परिषद गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

करुणा सोनी
प्रखण्ड प्रमूख
रमना जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बेबी देवी
मुखिया पंचायत भवनाथपुर गढ़वा झारखण्ड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


ओम शांति पब्लिक स्कूल
भवनाथपुर गढ़वा झारखण्ड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ललित प्रसाद सिंह
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी
रमना जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कृष्ण कुमार कुशवाहा
थाना प्रभारी
रमना जिला गड़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सोना कुशोर यादव उर्फ जय प्रकाश यादव
भाजपा मंडल अध्यक्ष
भवनाथपुर गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मूंगा साह
मुखिया सह समाजसेवी
मुकुंदपुर पंचायत प्रखण्ड
केतार गढ़वा झारखण्ड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मनोज प्रसाद देव
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय
हरादाग खुर्द रमना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

तहमीद अंसारी
मनरेगा बीपीओ प्रखण्ड कार्यालय भवनाथपुर गढ़वा झारखण्ड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रामेश्वर उवाध्यय
थाना प्रभारी
भवनाथपुर गढ़वा झारखण्ड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जयपाल महतो
प्रखंड विकास पदाधिकारी
भवनाथपुर गढ़वा झारखण्ड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बब्लू यादव
समाज सेवी
हरादाग खुर्द रमना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दिवाकर सिंह
प्रधानध्यापक
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, कोरगा, रमना

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# प्रदेश वैश्य मोर्चा समिति का गठन

**5वें स्थापना दिवस पर कई राज्यों के वैश्य नेता किये जायेंगे आमंत्रित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के सुकुरहुटू ग्राम स्थित कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू के आवास पर शुक्रवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक आगामी 12 अक्टूबर को रांची में होने वाले 5वां स्थापना दिवस समारोह की तैयारी के लिए तैयारी समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू एवं संचालन उप प्रधान महासचिव उपेंद्र प्रसाद ने किया। स्थापना दिवस समारोह में झारखंड सहित बिहार, नयी दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के वैश्य नेताओं को भी आमंत्रित किया जायेगा। तैयारी समिति का अध्यक्ष अश्विनी कुमार साहू को बनाया गया। जबकि हीरानाथ साहू, संजीव चौधरी, कपिल प्रसाद साहू, इंदु भूषण गुप्ता, रोहित कुमार साहू एवं नम्रता सोनी को सदस्य बनाया गया है। बैठक में यह भी तय किया गया कि एक महिला सहित और चार लोगों को इस समिति में शामिल किया जायेगा। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि 12 अक्टूबर वैश्य समाज सहित पिछड़ों के लिए भी काफी महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन डॉ. राम मनोहर लोहिया जी की 56 वीं पुण्यतिथि है, जो वैश्य मोर्चा के आदर्श पुरुष हैं। पिछड़े वर्ग की हक की लड़ाई उन्हीं के बताये रास्ते पर चल कर जीता जा सकता है। बैठक के अंत में एक प्रस्ताव पारित कर लातेहार जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं बालूमाथ निवासी राजेंद्र प्रसाद साहू की हत्या की कड़ी निंदा की गयी और इस हत्याकांड की सीबीआइ से जांच कराने की मांग की गयी। इस बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, केंद्रीय सचिव गुड्डु साहा, शिवनंदन प्रसाद, दिलीप प्रसाद, संगठन सचिव अनिल वैश्य, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहू, केंद्रीय सदस्य डॉ अरविंद कुमार, कृष्णा प्रसाद साहू, नरेश साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहू आदि उपस्थित थे।

# जमीन पर 107 और टाइटल सूट का मामला लंबित, फिर भी हो रहा काम

**पुलिस प्रशासन से एक पक्ष ने रोक लगाने की लगायी गुहार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची ग्राम सिमलिया, थाना रातू में परिवार में दो पक्षों के बीच पिछले कई दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जुम्मन अंसारी और शफीक अंसारी दोनों गोतिया हैं। जुम्मन अंसारी ने कहा कि हमारी पूर्वजों की जमीन है। हमारे गोतिया शफीक अंसारी और जमशेद अंसारी हमें जमीन नहीं देना चाहते हैं। रातू मौजा 69, खाता नंबर 1093, 1095, 1098, 1055 जिला रांची है। इस जमीन पर पहले धारा 144 लगायी गयी, फिर धारा 107 लगायी गयी। उसके बाद परमिशन सूट में यह मामला सब जज कोर्ट में केस नंबर 419 / 23 में चल रहा है। दूसरा पक्ष शफीक अंसारी लागातार इस जमीन पर मामला कोर्ट में चलने के बावजूद काम कर रहे हैं। प्रथम पक्ष जुम्मन अंसारी का कहना है कि जब जमीन पर 107 और टाइटल सूट का मामला चल रहा है, तो कैसे शफीक अंसारी द्वारा काम कराया जा रहा है। शफीक अंसारी भू माफिया जगदीश गुप्ता, नुरुल होदा और मुकेश पांडेय से मिल कर जबरदस्ती जमीन पर काम कर रहे हैं। जुम्मन अंसारी ने रांची जिला प्रशासन और रातू थाना से अपने जान माल के नुकसान की गुहार लगायी है। साथ ही रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक को भी पत्र लिख कर इस संबंध में न्याय की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब मामला कोर्ट में लंबित है, तो फिर यहां काम कैसे चल रहा है।

# सीसीएल की ओर से आयोजित 'एवरेस्ट समिट' में शामिल होंगे ख्यातिप्राप्त पर्वतारोही

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में एवरेस्ट समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद होंगे और सीएमडी, सीसीएल डॉ बी वीरा रेड्डी विशिष्ट अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम में एवरेस्ट चोटी पर सफलतापूर्वक फतह हासिल करने वाले 15 पर्वतारोही पहली बार एक साथ एक मंच पर उपस्थित होंगे। इनमें जामलिंग तेनजिंग, कर्नल रणवीर जामवाल, प्रेमलता अग्रवाल, प्रियंका मोहिते इत्यादि पर्वतारोही प्रमुख हैं। इस विशेष आयोजन में सभी पर्वतारोही हिमालय के दुर्गम चढ़ाई की प्रेरक स्मृतियों एवं अनुभवों को साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए शास्त्रीय नृत्य ओडिसी एवं म्यूजिक बैंड की प्रस्तुति की जायेगी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मियों तथा हितधारकों को जीवन की चुनौतियों पर सफलतापूर्वक विजय प्राप्त करने की ओर प्रेरित करना है। सीसीएल समय-समय पर ख्याति प्राप्त व्यक्तियों को आमंत्रित कर इस तरह के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है जिससे सीसीएल के कर्मियों एवं हितधारकों का बहुआयामी विकास हो सके, जिससे कर्मी अपना शत प्रतिशत देकर कंपनी को नयी ऊंचाई पर पहुंचायें।

## बैंक ऑफ इंडिया के सदस्यों ने किया पौधरोपण



रांची (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल द्वारा चर्च रोड शाखा परिसर में बड़े धूमधाम से 77 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड के महाप्रबंधक मनोज कुमार द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर सामूहिक रूप से बैंक के स्टाफ सदस्यों द्वारा पौधरोपण किया गया। महाप्रबंधक मनोज कुमार ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि हमारा बैंक झारखंड राज्य का प्रमुख बैंक है। राज्य भर के 24 जिलों में से 15 जिलों में हम अग्रणी जिला बैंक की भूमिका में हैं। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश, मुख्य प्रबंधक, सुरक्षा विभाग, अनुराग वर्मा, मुख्य प्रबंधक, विपणन विभाग और प्रदीप केशरी, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, चर्च रोड शाखा द्वारा किया गया और विधिवत रूप से धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र कुमार दास, उप आंचलिक प्रबंधक द्वारा किया गया।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नितेश सिंह
उपाध्यक्ष 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अजय प्रसाद गुप्ता
समाजसेवी सह जिला उपाध्यक्ष झामुमो व्यवसायी प्रकोष्ठ मेराल गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अजय कुमार द्विवेदी
शिवनंदन फ्यूल सेंटर एनएच 75 मर लातदाग मेराल गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ज्ञान रंजन मिश्रा
युवा नेता झामुमो प्रखंड मेराल, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनुप्पा टोपो
प्राचार्या
आश्रम आवासीय बालिका उच्च विद्यालय मझिगावां कांडी जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ दीपक कुमार यादव
चिकित्सक सह डायरेक्टर नवजीवन डेंटल हॉस्पिटल मेराल, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रवेश कुमार साव
प्रखंड विकास पदाधिकारी मेराल गढ़वा एवं प्रखंड परिवार मेराल

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राम सागर महतो
मुखिया
मेराल पूर्वी अध्यक्ष मुखिया संघ प्रखंड मेराल गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनिल कुमार सिंह
प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकीय मध्य विद्यालय मझिगावां पूर्व कांडी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रीता देवी
मुखिया
पंचायत मझिगावां प्रखंड कांडी जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नीतिश कुमार
थाना प्रभारी मेराल, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

निकिता बाला
अंचलाधिकारी मेराल गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पवित्री देवी
पंचायत समिति सदस्य पच्छिमी पंचायत मझिगावां कांडी जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रविन्द्र कुमार गुप्ता
प्रोपराइटर मां सतबहिनी ऑटो हीरो, कांडी, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गोरखनाथ साव
प्रदेश अध्यक्ष
मानवाधिकार संगठन झारखंड प्रदेश निवासी संगवरिया मेराल, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

धर्मेंद्र देव
निदेशक सह प्राचार्य एस.जी.एन.मॉडर्न किंडर गार्टन, मेराल (गढ़वा)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कुंदन कुमार सिंह
ओपी प्रभारी हरिहरपुर थाना भवनाथपुर, जिला गढ़व

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश्वर विश्वकर्मा
मुखिया
पंचायत डूमरसोता, कांडी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ वीरेंद्र कुमार
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मेराल गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ राकेश रंजन गुप्ता
आयुष चिकित्सक सीएचसी मेराल चिरौंजिया गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अमृत शुक्ला
समाजसेवी सह विधानसभा प्रत्याशी विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शाहिद अंसारी
कांडी प्रखंड कृषि पदाधिकारी कांडी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ अनिल साह
सुप्रसिद्ध चिकित्सक व समाजसेवी डायरेक्टर किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी मेराल, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सत्येंद्र नाथ तिवारी
भाजपा नेता सह पूर्व विधायक गढ़वा विधानसभा क्षेत्र

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जय प्रकाश सिंह उर्फ भान सिंह
प्रोपराइटर सिंह हार्डवेयर मेन रोड कांडी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विकास दुबे
युवा समाजसेवी सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र कांडी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ लाल बहादुर साह
प्रसिद्ध चिकित्सक व समाजसेवी डायरेक्टर अजंता हॉस्पिटल संगवरिया मेराल, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गीता देवी
मुखिया
पति शंभू गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि, पंचायत चुटिया प्रखंड रंका, गढ़वा




आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 19 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


# झारखंड प्रदेश तेली समाज का एक दिवसीय अधिवेशन 27 को

**झारखंड में तेली समाज के लोगों पर अपराधी बेलगाम होकर उनकी हत्या, लूट, जैसी वारदात को अंजाम दे रहे हैं : अरुण साहू**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश तेली समाज का एक दिवसीय अधिवेशन 27 अगस्त को रांची के सहजानंद चौक हरमू स्थित स्वागतम बैक्वेंट हॉल में होगा। सुबह 11 बजे से आयोजित अधिवेशन में झारखंड के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों का जुटान होगा। इसके अलावा अधिवेशन में नेपाल से तेली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप साहू, प्रतापगढ़ यूपी के सांसद संगम लाल गुप्ता, फिल्म निर्देशक निरंजन भारती की उपस्थिति होगी। यह जानकारी झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने शुक्रवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने कहा कि अधिवेशन में मुख्य रूप से एक समाज श्रेष्ठ समाज का निर्माण पर विचार विमर्श किया जायेगा। सामाजिक और राजनितिक क्षेत्र में तेली समाज की उपेक्षा जिस तरह से खास कर इस झारखंड प्रदेश में रहा है। इस मुद्दे पर अधिवेशन में चर्चा होगी। श्री साहू ने कहा कि झारखंड में तेली समाज की जनसंख्या 20 प्रतिशत है। इसके बाद भी झारखंड के 22 सालों में विधानसभा की बात हो या फिर लोकसभा चुनाव की बात हो हमें राजनीतिक पार्टियों के द्वारा उपेक्षित रखा गया। प्रदेश में हमारे समाज को आरक्षण से वंचित किया गया। वहीं झारखंड प्रदेश में 54 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया। इस मुद्दे पर भी अधिवेशन में बातचीत की जायेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में तेली समाज के लोगों पर अपराधी बेलगाम होकर उनकी हत्या, लूट, जैसी वारदात को अंजाम दे रहे हैं। समाज एकजुट होकर इसके खिलाफ आवाज बुलंद करेगा। तेली जातियों की संख्या जितनी है। झारखंड प्रदेश में उस तरह से समाज के बच्चों को शिक्षा के लिए जागरूक और उन्हें शिक्षित करने की पहल नहीं किया जाना काफी चिंताजनक है। इस पर भी हमलोग अधिवेशन में बातचीत करेंगे। हम सभी दानवीर भामाशाह के वशंज हैं। हमारे खून में ही दान और सेवाभाव है। यही तेली जाति का लक्ष्य रहा है। हमारा समाज शुरू से ही जन सेवा के लिए जाना जाता है। इसके बावजूद तेली समाज के लोगों को सरकार के द्वारा रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में उपेक्षित रखा गया। प्रेस वार्ता में झारखंड प्रदेश तेली समाज के संरक्षक रिपु सुदन साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष मुनेश्वर साहू, प्रधान महासचिव प्रकश साहू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# वरिष्ठ नागरिक उद्यान एचइसी में कल राजीव गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा : आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा का अनावरण 20 अगस्त को वरिष्ठ नागरिक उद्यान एचइसी में होने जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने और भव्य रूप देने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू एवं फिरोज रिजवी मुन्ना लगातार कार्य कर रहे हैं। शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर होर्डिंग लगायी जा रही है, पार्क को भी पूरी तरह से सजाया जा रहा है, रंग रोगन, फूल माला, राजीव गांधी के कट आउट और होर्डिंग लगाये जा रहे हैं। प्रतिमा आयोजन की तैयारी की जानकारी देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे ने बताया कि पूर्व मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती की स्मृति में प्रतिमा लगायी जा रही है और पार्क को डेवलप किया जा रहा है ताकि बुजुर्गों का पार्क में मन लगा रहे। प्रतिमा अनावरण 20 अगस्त को झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव करेंगे। एचइसी सहित शहर के कई गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। आलोक दुबे ने बताया कि राज्य में राजीव गांधी की यह पहली प्रतिमा होगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू, गोपाल कृष्ण झा, गोपाल प्रसाद, जगदीश कुशवाहा, सुरेश केरकेट्टा, दीनानाथ प्रसाद, शिवराज सिंह, कन्हैया प्रसाद सिंह, उमाकांत सिंह, शशिकांत झा,देवनाथ सिंह,भागीरथ ठाकुर, तिलकधारी प्रसाद, सुरेश प्रसाद,एसएन पाठक की देखरेख में प्रतिमा अनावरण समारोह संपन्न कराया जायेगा।

# भारत को एक सुखी-संपन्न राष्ट्र बनाने का संकल्प लें : डॉ गंगा प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट (आइएसएम) पुंदाग, रांची में 77वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सह सचिव डॉ गंगा प्रसाद सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभी को बधाई एवं शुभ कामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पूरा देश अपितु संपूर्ण विश्व परिवर्तन की दौर से गुजर रहा है। अतः छात्र- छात्राओं को उत्पन्न हो रहे प्रत्येक नयी परिस्थितियों को समझने, सामना करने और सर्वोत्तम तरीकों से सुलझा कर समाज और राष्ट्र के अनुकूल वातावरण व व्यवस्था स्थापित करने की गुणों को विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश के श्रेणी में तभी हम ला सकते जब उग्रवाद, भ्रष्टाचार, जातिवाद, बेरोजगारी, भुखमरी आदि पर विजय पा लेंगे। हम सभी को मिलकर इन सभी मुद्दों पर काम करना होगा। इस अवसर पर सभी शिक्षक, कर्मी और विद्यार्थियों ने मिलकर भारत को एक सुखी-संपन्न राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। यह महापर्व धूमधाम के साथ संस्थान परिसर में मनाया गया। ध्वजारोहण समारोह के अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष आरएके वर्मा ने सभी शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को बधाई दी और देश को सामाजिक और आर्थिक रूप से सर्वाधिक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया। इस मौके पर डॉ सुशील कुमार मौजूद थे।

# 70 वर्षीय विधवा तालो देवी ने अपनी जमीन बचाने के लिए डीआइजी से लगायी गुहार

**रांची (आजाद सिपाही)।** 70 वर्षीय विधवा की जमीन पर दबंग कब्जा करने की नियत से बाउंड्री वाल कर रहा है। इस संबंध में तालो देवी ने शुक्रवार को पुलिस उप महानिरीक्षक रांची से मिलकर आवेदन सौंपा और इसपर रोक लगाने की गुहार लगायी। ग्राम पकारियो थाना चान्हो की रहने वाली तालो देवी ने आवेदन में लिखा है कि खाता नंबर 28 प्लाट 272 रकबा 110 डिसमिल मौजा पकरियो में है। इसपर फर्जी कागज दिखा कर 09 /07/ 2023 को आजाद अंसारी, अजीत सिंह, मो ग्यास, सफरुद्दीन अंसारी जमीन पर आकर बाउंड्री कराना शुरू कर दिया। इसकी सूचना चान्हो थाना को दी गयी। लेकिन इसपर कोई कार्रवाई नहीं की गयी। वहीं हम लोग जब काम रुकवाने गये तो हमलोगों के साथ मारपीट की गयी। और जातिसूचक गालियां दी गयीं। इसके बाद वे लोग चान्हो थाना कांड संख्या 100 /23 के तहत मामला दर्ज करा दिया और अब दबाव बना रहा है कि समझौता कर लो नहीं तो जेल जाने के लिए तैयार रहो। आवेदन में इसकी जांच कर न्याय दिलाने की गुहार लगायी है।

# झारखंड में बर्ड फ्लू की दस्तक, बच्चा संक्रमित



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में बर्ड फ्लू की दस्तक से स्वास्थ्य महकमा सकते में है। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान के जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स विभाग में जांच के दौरान बच्चे में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। रिम्स में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ मनोज कुमार ने कहा कि पीडियाट्रिक विभाग में डॉ राजीव मिश्रा की यूनिट में एक बच्चे का सैंपल लिया गया है। इसमें बर्ड फ्लू की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। बच्चा रामगढ़ के संदवाडीह का रहने वाला है।






















































# कोटा में छात्रों की आत्महत्या

राजस्थान के कोचिंग सिटी कोटा में छोटे-बड़े मिला कर 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं, जो देश भर से यहां आने वाले छात्र-छात्राओं को संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेइइ), राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (एनइइटी) आदि का प्रशिक्षण देते हैं। इनमें लगभग ढाई लाख छात्र कोचिंग ले रहे हैं। मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों की प्रवेश परीक्षाओं में सफलता के लिए इस शैक्षणिक सत्र में शहर के विभिन्न कोचिंग सेंटरों में 2.25 लाख से अधिक छात्रों के कक्षाएं लेने का अनुमान है। कोटा भारत में कोचिंग का प्रमुख केंद्र है, जिसका वार्षिक राजस्व अनुमानतः 5,000 करोड़ रुपये से अधिक है, परंतु यहां अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा आत्महत्याओं के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2014 में तो यह 45, 2015 में 31, 2016 में 18, 2017 में 24, 2018 में 19, 2019 में 18 और 2020 में यह संख्या 20 तक पहुंच गई। 2021 में अवश्य किसी भी छात्र की आत्महत्या की सूचना नहीं आयी थी। क्योंकि कोरोना के कारण कोचिंग संस्थान बंद थे और छात्र घरों से ही ऑनलाइन क्लास के जरिए पढ़ाई कर रहे थे, परंतु 2022 में जैसे ही कोचिंग संस्थान खुले यह आंकड़ा सीधे 18 पर पहुंच गया। इस वर्ष पिछले 8 माह में यहां 20 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। नवीनतम घटना में 10 अगस्त को महावीर नगर थाना क्षेत्र में आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले मनीष प्रजापत (17) नामक छात्र ने होस्टल के कमरे में फांसी लगा ली। मृतक यहां जेइइ की तैयारी कर रहा था। उसी दिन उसके पिता उससे मिलने आये थे, जिनके जाने के 4 घंटे बाद ही वह फंदे पर झूल गया। इससे पहले 12वीं के साथ नीट की तैयारी कर रहे पटना (बिहार) निवासी नवलेश (17) फांसी के फंदे पर झूल गया था। उसने सुसाइड नोट में पढ़ाई के दौरान तनाव की बात लिखी थी। इससे एक दिन पहले ही एक अन्य कोचिंग छात्र धनेश कुमार (15) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वह भी 11वीं के नीट की तैयारी में लगा था, जबकि पिछले माह ही एक मल्टीस्टोरी बिल्डिंग की 10वीं मंजिल से कूदकर बेंगलुरु के रहने वाले नासिर (22) ने आत्महत्या कर ली थी। इन घटनाओं ने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर यहां आत्महत्याओं का अंतहीन सिलसिला कहां जाकर रुकेगा! कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चे मानते हैं कि कई कारण उन्हें डिप्रेशन की ओर धकेलते हैं, जो कमजोर पलों को जन्म देता है। 10 महीने की तैयारी का शैड्यूल इतना व्यस्त होता है कि ब्रेक के दौरान वे घर भी नहीं जा पाते और परिवार से दूरी और अकेलापन उन्हें खटकता है।

**कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चे मानते हैं कि कई कारण उन्हें डिप्रेशन की ओर धकेलते हैं, जो कमजोर पलों को जन्म देता है। 10 महीने की तैयारी का शैड्यूल इतना व्यस्त होता है कि ब्रेक के दौरान वे घर भी नहीं जा पाते और परिवार से दूरी और अकेलापन उन्हें खटकता है।**

**पिछले 9 वर्षों में भारत, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआइ) से संबंधित राष्ट्रीय नीतियां अभूतपूर्व संख्या में लेकर आया है। कुछ प्रमुख नीतियों में भारतीय अंतरिक्ष नीति (2023), राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति (2022); राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) (2020); इलेक्ट्रॉनिक्स पर राष्ट्रीय नीति (एनपीइ) (2019); स्कूली शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय नीति (2019); छात्रों और संकाय के लिए राष्ट्रीय नवाचार और स्टार्टअप नीति (2019); राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (2017); बौद्धिक संपदा अधिकार नीति (2016), आदि शामिल हैं।**

# 'आत्मनिर्भर भारत' के माध्यम से वैश्विक नेतृत्व ग्रहण करने के लिए भविष्य का मार्ग

**डॉ जितेंद्र सिंह**



विश्व आज भारत की अद्भुत वैज्ञानिक क्षमता और कौशल से आश्चर्यचकित है, जो सुसुप्त थी और किसी को भी उसके बारे में सही रूप में पता नहीं था। वास्तव में, यह एक सक्षम वातावरण और एक समर्थक नेतृत्व मिलने की प्रतीक्षा में थी। यदि संक्षेप में कहें तो यह इतिहास का वह क्षण था, जब नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने और शेष तो इतिहास ही है। दुनिया को पहली बार डीएनए कोविड वैक्सीन उपहार में देने से लेकर चंद्रयान को घर लाने तक और चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी का प्रमाण... यह मोदी के भारत की साक्ष्य आधारित अमिट छाप है, जिसने भारत को विश्वभर में व्यापक तौर पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है।

पिछले 9 वर्षों में भारत, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआइ) से संबंधित राष्ट्रीय नीतियां अभूतपूर्व संख्या में लेकर आया है। कुछ प्रमुख नीतियों में भारतीय अंतरिक्ष नीति (2023), राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति (2022); राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) (2020); इलेक्ट्रॉनिक्स पर राष्ट्रीय नीति (एनपीइ) (2019); स्कूली शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय नीति (2019); छात्रों और संकाय के लिए राष्ट्रीय नवाचार और स्टार्टअप नीति (2019); राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (2017); बौद्धिक संपदा अधिकार नीति (2016), आदि शामिल हैं।

**अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन**

इसी तरह, सरकार ने राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (2023), वन हेल्थ मिशन (2023), नेशनल डीप ओशन मिशन (2021) आदि भी लॉन्च किये।

एसइआरबी डेटा के अनुसार पिछले 10 वर्षों में औसतन कुल अनुसंधान निधि का लगभग 65 प्रतिशत आइआइएससी, आइआइटी, आइआइएसइआर आदि जैसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों को दिया जा रहा है और केवल 11 प्रतिशत धनराशि राज्यों के विश्वविद्यालयों को प्रदान की जा रही है, जहां अनुसंधानकर्ताओं की संख्या आइआइटी की तुलना में बहुत अधिक है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि अनुसंधान निधि की वर्तमान प्रणाली प्रतिस्पर्धी अनुदान द्वारा प्रेरित है। इसी तरह, अधिकांश राज्यों के विश्वविद्यालयों में अनुसंधान की आधारभूत संरचना राष्ट्रीय शैक्षणिक और अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं की तुलना में बहुत कमजोर है।

हमारे विश्वविद्यालयों में शिक्षा जगत और उद्योग जगत की साझेदारी और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग अपर्याप्त रहा है।

वास्तव में परिवर्तनकारी अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी विजन था, जो न केवल वर्तमान अनुसंधान एवं विकास के इकोसिस्टम की कुछ बड़ी चुनौतियों का समाधान करेगा, बल्कि देश को दीर्घकालिक अनुसंधान एवं विकास को लेकर विजन प्रदान करेगा और भारत को अगले 5 वर्षों में वैश्विक स्तर पर अनुसंधान एवं विकास के एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करेगा।

अनुसंधान एनआरएफ (एएनआरएफ) गणितीय विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और पृथ्वी विज्ञान, स्वास्थ्य और कृषि सहित प्राकृतिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता के लिए उच्च स्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करेगा। यह मानविकी और सामाजिक विज्ञान के वैज्ञानिक और तकनीकी इंटरफेस को बढ़ावा देने, निगरानी करने और ऐसे अनुसंधान और उससे जुड़े या उससे संबंधित विषयों के लिए आवश्यकतानुसार सहायता प्रदान करने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा। एएनआरएफ अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देगा और भारत के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देगा।

भारत सरकार का विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), एएनआरएफ का प्रशासनिक विभाग होगा जो एक संचालक मंडल द्वारा शासित होगा, जिसमें विभिन्न विषयों के प्रतिष्ठित अनुसंधानकर्ता और पेशेवर शामिल होंगे। साथ ही, प्रधानमंत्री इस संचालक मंडल के पदेन अध्यक्ष होंगे। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पदेन उपाध्यक्ष होते हैं। एनआरएफ का कामकाज भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में एक कार्यकारी परिषद द्वारा नियंत्रित होगा।

एएनआरएफ उद्योग, शिक्षा जगत और सरकारी विभागों और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग स्थापित करेगा, और वैज्ञानिक तथा संबंधित मंत्रालयों के अलावा उद्योगों और राज्य सरकारों की भागीदारी एवं योगदान के लिए एक इंटरफेस की प्रणाली तैयार करेगा। यह एक नीतिगत संरचना तैयार करने और नियामक प्रक्रियाओं को स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो अनुसंधान एवं विकास पर उद्योग द्वारा सहयोग और उस पर व्यय में वृद्धि को प्रोत्साहित कर सके।

एएनआरएफ की स्थापना पांच वर्षों (2023-28) के दौरान 50,000 करोड़ रुपए की कुल अनुमानित लागत से जाएगी। 50,000 करोड़ रुपये की एएनआरएफ फंडिंग के तीन घटक होंगे - 4000 करोड़ रुपये का एसईआरबी फंड; 10,000 करोड़ रुपये का एएनआरएफ फंड, जिसमें से 10 प्रतिशत फंड (1000 करोड़ रुपये) इनोवेशन फंड के लिए रखा जायेगा। इनोवेशन फंड का उपयोग निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में अनुसंधान एवं विकास के लिए किया जाएगा और 36,000 करोड़ रुपये के कोष का योगदान उद्योग, परोपकारी संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों आदि द्वारा दिया जाएगा।

केंद्र सरकार वर्तमान में एसइआरबी को प्रति वर्ष 800 करोड़ रुपये का फंड प्रदान करती है, जिसमें निजी क्षेत्र का बहुत कम या कोई योगदान नहीं होता है। प्रस्तावित एएनआरएफ में, सरकारी योगदान को 800 करोड़ रुपये से बढ़ा कर 2800 करोड़ रुपये प्रति वर्ष (प्त 3.5 गुना) करने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित एएनआरएफ में निजी क्षेत्र का योगदान 5 वर्षों के लिए 36,000 करोड़ रुपये (प्त 7200 करोड़ रुपये प्रति वर्ष) किया जा रहा है।

आने वाले वर्षों में वैश्विक अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में भारत के नेतृत्व का लक्ष्य प्राप्त करने और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एएनआरएफ की स्थापना भारत के सबसे परिवर्तनकारी कदमों में से एक साबित होगा।

**[लेखक : विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन; परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री हैं।]**

## झारखंड की खबरें

### ड्रग इंस्पेक्टर नें कई दवा दुकानों का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में नशा मुक्ति अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर जया आइंड ने आदित्यपुर-गम्हरिया क्षेत्र के सभी दावा दुकान का निरिक्षण किया। शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर जया आइंड ने मेडिकल भाटिया बस्ती, अपोलो फामेर्सी, देव साईं मेडिकल, दरभंगा मेडिकल स्टोर समेत दर्जनों दवा दुकानों व क्लिनिको का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निदेश दिए। मौके पर उन्होंने बताया प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री ना हो, आम लोगों को सही व अच्छी दवा मिले यह सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कई प्रकार की दवाइयां युवाओं के द्वारा नशा के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। जिसको ध्यान में रखते हुए डॉक्टर्स के प्रिस्क्रिप्नस पर ही ऐसी दवाओं का बिक्री करे। अन्यथा कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे।

### कांवरियों का सम्मान करना ही हमारा धर्म है : नीरज



**रामगढ़।** शहर के वार्ड नंबर 3 और अन्य क्षेत्रों से कांवरियों का एक विशाल जत्था देवघर के लिये रवाना हुआ। जत्थे में 60 कांवरियों का दल शामिल था। बाबा नगरी देवघर जाने से पहले विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल, नगर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, वार्ड नं 3 प्रभारी बिक्की ठाकुर, वार्ड नं 3 अध्यक्ष चंदन ठाकुर ने कांवरियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया ' मौके पर सभी कांवरियों के द्वारा बोल बम के नारों के साथ बाबा नगरिया दूर है जाना जरूर है जैसे जयकारों से पुरा शहर गूंज उठा ' मौके पर नगर सचिव नीरज मंडल ने कहा कि पवित्र सावन मास में लाखों की संख्या में कांवरिया देवघर जाकर शिव जी पर जल चढ़ाते है

पेज एक का शेष

### इंटीग्रो ने प्रणामी ग्रुप के साथ निवेश...

इंटेग्रो के साथ साझेदारी, एक अग्रगामी मंच जो उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को साझा करता है, हमें परिवर्तनकारी स्थान बनाने का एक रोमांचक अवसर प्रदान करता है जो शहरी क्षेत्र में जीवन को फिर से परिभाषित करेगा। इस सहयोग के माध्यम से, इंटीग्रो और प्रणामी ग्रुप दोनों का लक्ष्य रियल एस्टेट उद्योग में नये मानक स्थापित करना है, जिससे निवासियों को अद्वितीय जीवन अनुभव और व्यवसायों को अत्याधुनिक वाणिज्यिक स्थान प्रदान किए जा सकें। शुरू की गयी परियोजनाएं वास्तुशिल्प कुशलता, समय पर निष्पादन और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण का प्रदर्शन करेंगी, जो इंटीग्रो और प्रणामी ग्रुप दोनों का पर्याय बन गया है। निवेशक और हितधारक अभूतपूर्व परियोजनाओं की एक श्रृंखला की प्रतीक्षा कर सकते हैं जो नवाचार, स्थिरता और उच्चतम गुणवत्ता का सार प्रस्तुत करती हैं।

**इंटीग्रो के बारे में :** इंटीग्रो एक अगली पीढ़ी, तकनीक-संचालित रियल एस्टेट निवेश मंच है, जो संस्थागत-ग्रेड आवासीय और वाणिज्यिक रियल एस्टेट संपत्तियों तक पहुंच का लोकतंत्रीकरण करता है। पारदर्शिता, सक्रिय परिसंपत्ति प्रबंधन और अत्याधुनिक तकनीक के प्रति समर्पण के साथ, इंटीग्रो निवेशकों को वैकल्पिक निवेश अवसरों तक अद्वितीय पहुंच प्रदान करता है।

# विधायक ने तीन स्वास्थ्य केंद्र में चार ऑक्सीजन कंसंट्रेटर कराया उपलब्ध

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के लिए विधायक संजीव सरदार ने पहल शुरू कर दी। शुक्रवार को विधायक में क्षेत्र के 3 स्वास्थ्य केंद्र में चार ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराया। जिसमे लतीपूर्ण हेल्थ केयर हल्दी पोखर प्रिया हेल्थ केयर भारत सेवाश्रम संघ स्वास्थ्य केंद्र शामिल है। विधायक सरदार ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए सहज तरीके से ऑक्सीजन उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया खासकर निजी नर्सिंग होम में ऑक्सीजन नही रहने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस उद्देश्य तीन नर्सिंग होम में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराया गया ताकि ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इस अवसर पर डॉक्टर सुकांतो सीट, रोविंद महाराज, डॉक्टर मोनू राम हसदा, डॉक्टर रतन बोदरा, डॉक्टर कुमरेश चंद्र भगत, डॉ डी सी मुर्मू, बबलू चौधरी, भोला शंकर गोप,ओमप्रकाश गुप्ता, शुभम बोस, दीपक सरदार, लालटू दास सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जमीन बिक्री के मामले में पुलिस की कार्रवाई, भाजपा नेता गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना अंतर्गत खासमहल की जमीन बिक्री के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भाजपा नेता कृष्ण पत्रों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक मेनका सरदार परसुडीह थाना पहुंची। बताया जा रहा है लगभग 100 से ज्यादा लोगों ने प्लास्टिक के नीचे जमीन को कब्जा कर रह रहा था। मामला इतना बढ़ गया था जिला प्रशासन को इस दिशा में कार्रवाई करनी पड़ी। सीओ के निर्देश पर जिला प्रशासन ने जेसीबी से सभी झुग्गियों को उजाड़ दिया था। इस बीच कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया था। इस मामले में झामुमो नेताओं को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उस दौरान कई अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी निकला था। फिलहाल पुलिस इस मामले में कार्रवाई करते हुए कृष्ण पत्रों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## भक्तिभाव से हुई मां मनसा देवी की पूजा-अर्चना

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**भुरकुंडा।** मां मनसा पूजा कमेटी के तत्वावधान में कुरसे गांव में गुरूवार की शाम पूरे धूमधाम व भक्तिभाव से मां मनसा पूजा मनाया गया। इस दौरान पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां मनसा देवी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूजा में बसंत तुरी व पत्नी पूनम देवी मुख्य रूप से शामिल हुईं। पूजा बाद रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन हुआ। जागरण का उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम व कुरसे मुखिया संदीप उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व रोशन लाल चैधरी ने मां मनसा की पूजा कर उनके समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। इसके बाद भक्ति जागरण का आयोजन हुआ। जिसकी शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई। इस दौरान प्रदीप मंडली ग्रुप के कलाकारों ने हर हर शंभु, आरे द्वार पालों, हमसे भंगिया न पिसाई आदि एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को रातभर झुमाए रखा। मनसा पूजा के पावन अवसर पर शुक्रवार को भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चो ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं संध्या में मां मनसा को नगर भ्रमण कराते हुए नम आंखो से प्रतिमा का विसर्जन किया गया। पूजा को सफल बनाने में संतोष यादव, प्रमेश्वर बेदिया, बसंत तुरी, गणेश तुरी, अनिल सोनी, कृष्णा बेदिया, रणवीर यादव, योगेन्द्र यादव, सन्नी बेदिया, राजेन्द्र बेदिया, आशीष तुरी, गोलु तुरी, भोला बेदिया, विशाल बेदिया, विजय तुरी, डोमन तुरी, सुधीर बेदिया, राजेश बेदिया, शंकर तुरी आदि का विशेष योगदान रहा।

### सावन महोत्सव में महिलाओं ने दिखायी अपनी प्रतिभा



**जमशेदपुर।** साकची के एक होटल में महिलाओं के द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम का उद्घाटन अंबिका जायसवाल के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर आभा चौधरी, पूनम जायसवाल, ऋतु जायसवाल जज की भूमिका निभाई। उन्होंने विजेताओं का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया। वही मेहंदी प्रतियोगिता में मीना डाडियाल प्रथम,अनीता गुप्ता सेकंड रही। डांस प्रतियोगिता में प्रथम रंजीता जायसवाल, द्वितीय अनुराधा कर्ण व सावन क्वीन रीना जायसवाल बनाया गया। रन विथ फन में सुनीता जायसवाल ने जीत हासिल की। लक्की ड्रा में तारा साहू व सुनीता जायसवाल अवल रही। कार्यक्रम का आयोजन पूनम जायसवाल चंदन जायसवाल व विभा जायसवाल के द्वारा किया गया। मंच का संचालन चंदन जयसवाल ने किया।

### रामगढ़ के नेपाल विश्वकर्मा ने किया दूसरा स्थान प्राप्त, सिल्वर मेडल से सम्मानित



**रामगढ़।** 16वी ऑल इंडिया गोजूरियो कराटे चैंपियनशिप 12 व 13 अगस्त को संपन्न हुआ। चैंपियनशिप में झारखंड, उड़ीसा, वेस्ट बंगाल, आसाम, छत्तीसगढ़, मेघालय, आंध्र प्रदेश और बिहार के कराटे खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हांसी एल नागेश्वर राव अध्यक्ष व मुख्य प्रशिक्षक ऑल इंडिया गोजूरियो कराटे फेडरेशन के द्वारा जमशेदपुर टाटा नगर स्पोर्ट्स कंपलेक्स में करवाया गया। जिसमें लगभग 400 कराटेकारों के साथ 50 जज और रेफरी मौजूद रहे। खिलाड़ियों ने अपने इवेंट में शानदार प्रदर्शन कर काता और कुमिते स्पर्धा में हिस्सा लिया। चैंपियनशिप में पूरे झारखंड से 60 वर्ष के ऊपर वर्ग में रामगढ़ के नेपाल विश्वकर्मा को दूसरा स्थान सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 24 वर्ष के ऊपर वर्ग में ब्राउन बेल्ट में शुभम विश्वकर्मा को काता में तीसरा स्थान और कुमिते में भी तीसरा स्थान कांस्य मेडल प्राप्त किया।

### `डैम का पानी गांवो में घुसा, दहशत विस्थापित ग्रामीण



**ईचागढ़।** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने से विस्थापित गांवों में वारिस पानी घुंस गया। बीते दो दिनों से हो रही लगातार झमाझम बारिश से डैम का पानी गांवो के सड़कों व घरों में घुंसने ग्रामीणों का परेशानी बढ़ गया है। वही जल स्तर बढ़ने से चांडिल डैम का पानी बाकसाई,कालीचामदा, मैसड़ा , ईचागढ़ क्षेत्रों में रह रहे विस्थापित परिवारों पर खतरा मंडराने लगा। वही ईचागढ़ बस्ती के मुख्य सड़क , बाकल तोड़ीया ईचागढ़ सड़क पर डैम का पानी दो से तीन फीट जमा हो गया। दर्जनों घर व मंदिरों में जल प्रवेश करने लगा। बीते वर्ष भी ईचागढ़ बस्ती सहित दर्जनों गांव आधी रात डैम का पानी अचानक घुस कर जलमग्न हो गया था। बताया जारहा है चांडिल डैम का जलस्तर 181 मीटर से अधिक है। हांलांकि दो रेडिएल गेट को खोल दिया गया है। शुक्रवार रात अधिक बारिश होने से गांवों में जलमग्न होने का संभावना बनी रहेगी। ईचागढ़ पातकुम सड़क पर ईचागढ़ बस्ती में दो तीन फीट पानी से लोगों का आना जाना बाधित होने लगा है।

## इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी ऐतिहासिक होगी : संजय सेठ

- 6 और 7 सितंबर को अल्बर्ट एक्का चौक पर होगा जन्माष्टमी उत्सव
- श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के कमेटी का गठन
- कमेटियों के संयोजक व सहयोगी को दी गयी कार्यो की जिम्मेवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति के सानिध्य में 6 और 7 सितंबर को फिरायालाल चौक मेन रोड में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनायी जायेगी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति के संरक्षक संजय सेठ समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया आयोजन को बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया साथ ही कमेटी का विस्तार किया गया। इसमें संरक्षक संजय सेठ, सीपी सिंह, अजय मारू, आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा, महासचिव जवाहर तनेजा बनाया गया है। स्वागत समिति में संतोष जैन, पुनीत पोद्दार, अरुण छावछरिया, रविंद्र मोदी , संजीव विजयवर्गीय, रमेश अजमेरिया, चंद्रकांत रायपत, आशीष भाटिया, छवि बिरमानी , ललित केजरीवाल, राजीव चटर्जी, शामिल हैं। कार्यक्रम संयोजक कुणाल आजमानी, सचिव रमेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष- राम बांगड़, दही हांडी फोडो प्रतियोगिता में राज वर्मा, ललन श्री वास्तव, प्रमोद सारस्वत, विजय ओझा, राजेश चौधरी, मनोज तिवारी, नंद किशोर सिंह चंदेल, रवि सिंह, भीम सिंह, नीरज चौधरी, रवि मुंडा, सबलू मुंडा, भोलू सिंह,राम लगन राम, आनंद वर्मा, राकेश चौधरी शामिल हैं। मंच व पुष्प सज्जा रामाशंकर बागड़िया, संतोष सेठ, प्रेस मीडिया प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, मंच सुरक्षा सतेंद्र सिंह (गुड्डू) विकास कुमार (रवि) अमित सिंह, झांकी एवम साज सज्जा विकास अग्रवाल,राज वर्मा, अजय वर्मा, प्रचार-प्रसार व एलइडी आनंद श्रीवास्तव, संजय जायसवाल, प्रशासक व प्रशासन राम बांगड़ , मनोज साहू, राहुल सिन्हा (चंकी), चिकित्सा नीरज कुमार, राजेश गुप्ता, शिव शंकर साबू, नरेंद्र लाखोटिया, मंच संचालक मुंकेश काबरा, राजश्री, सेवा प्रकल्प अमित चौधरी, मनीष लोधा, वीरेंद्र गुप्ता ,अरुण कपूर (कालू) बिनय मंत्री ,प्रेमचंद श्रीवास्तव (लाला जी) अमर प्रसाद, साउंड रमेंद्र कुमार, राजीव वर्मा, भजन व नाट्य मंच जुगल दगड़, गौरव काबरा, लाइट व टेंट संजय सिंह,बैजू सोनी,राजू रजक, बाल गोपाल प्रतियोगिता पूनम आनंद, कुमुद झा, भारतीय चितलांगिया टाइम वाच मटकी संचालन- विपिन वर्मा, राजीव सहाय हैं। निर्णायक मंडली में रांची के सभी समाचार पत्रों के संपादक शामिल होंगे।

गोविंदा टोली रजिस्ट्रेशन सतीश सिन्हा, राजेंद्र केडिया, पुरस्कार- कृष्ण कुमार पोद्दार आयोजन स्थल, टेंट ब्यवस्था- अशोक पुरोहित, संजय गोयल, सोनू भारद्वाज, नीरज कुमार,छत्र धारी महतो, गौत्तम देव, प्रज्ञा मणि बनाये गये हैं।

जन्माष्टमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि 6 सितंबर को बाल गोपाल प्रतियोगिता व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है ।

वहीं 7 सितंबर को संध्या बेला में दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता भजन संध्या सहित नृत्य नाटिका का आयोजन रखा गया है। मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत व संजय पोद्दार ने बताया कि 6 सितंबर एवम 7 सितंबर को बाल गोपाल प्रतियोगिता व दही हांडी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मेन रोड स्थित केडिया साइकिल व स्टेशन रोड स्थित पतंजलि बाबा रामदेव के सेंटर में सतीश सिन्हा के मोबाइल नंबर 9431101328 पर संपर्क कर भी फार्म प्राप्त किया जा सकेगा।

## जैलेंद्र कुमार ने भव्य शनि मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** अनगड़ा के गेतलसूद बाजार के पीछे स्थित तालाब के किनारे पीपल पेड़ के पास भव्य शनि मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन भाजपा के पिव जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, निर्माण समिति के अध्यक्ष सीताराम मुंडा,उप मुखिया शंकर बैठा, अशोक सिंह, कामेश्वर महतो, बिनोद चौधरी,गौरी शंकर मुंडा, अशोक बेदिया, राजेश ठाकुर, राजेश लोहरा,हरि पाहन, लेंगा गोस्वाम, नारायण गोस्वामी, राज बैठा, काजल गोस्वामी, विश्वनाथ महतो, विक्रम बैठा, बिरसा उरांव, पुजारी पं इस्वरचंद गोस्वामी, बाल्मीकि गोस्वामी, बटेस्वर गोस्वामी आदि उपस्थित रहे। पंडितजी के मंत्रोच्चार के साथ सभी ने ईंट रखी। निर्माण समिति के मुख्य संरक्षक जैलेंद्र कुमार ने बताया कि यह स्थल के बगल में ही ग्राम देवता का भी स्थान है। इस जगह पर शनि देव के मंदिर निर्माण के बाद मां काली एवं वीर हनुमान का मंदिर भी निर्मित होगा।

## नामकुम में निकाली गयी तिरंगा यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड के टाटीपश्चिमी पंचायत के लोगों ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर धूमधाम से तिरंगा यात्रा निकाला। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के लोग अपने-अपने वाहनों पर तिरंगा लगाकर, देश भक्ति गीत और नारों के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। तिरंगा यात्रा आजाद बस्ती से टाटीसिलवे चौक, ईएफ मैदान, आदर्श नगर होते हुये महुआ टोली जाकर समाप्त हुआ। इधर शिव मंदिर समिति सिदरौल के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया। जो जोड़ा मंदिर सिदरौल, टांगर टोली, पलांडू, रामपुर बाजार, सिदरौल, बरगावां, पतराटोली, नामकुम बाजार, सदाबहार चौक से होकर वापस जोड़ा मंदिर सिदरौल तक निकाला गया। मौके पर गरुण खरवार, धर्मेंद्र कुशवाहा, शिक्षक कुंदन कुमार, नवीन कुमार, हेमंत शर्मा, रंजन कुमार, मुन्ना शर्मा, मोहन शर्मा, नीरज कुमार, संतोष मिश्रा, अभिषेक प्रसाद, राहुल शर्मा, सौरभ सिंह, गौरव सिंह, आकाश सिंह, आदित्य, अभिषेक, विशाल, गोलू, सनी, प्रियांशु आदि मौजूद थे।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

लभली तिर्की
मुखिया
पंचायत कामडारा
कामडारा, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विरेंद्र सुरीन
मुखिया
पंचायत सरिता
कामडारा, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेंद्र तिर्की
मुखिया
पंचायत सुरुहु
कामडारा, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पुष्पा सुरीन
मुखिया
पंचायत सालेगुटू
कामडारा, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुलोमी तोपनो
मुखिया
पंचायत रामतोल्या
कामडारा, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रोसालिया सोरेंग
मुखिया
पंचायत रामपुर
कामडारा, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

खीस्टीना लकड़ा
मुखिया
पंचायत रेडवा
कामडारा, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुनील सुरीन
प्रखंड प्रमुख
कामडारा
गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

निबय तोपनो
उत्क्रमित प्राथमिक
विद्यालय कसकेल,
कामडारा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रेमचंद केरकेट्टा
मुखिया
पंचायत कोन्सा
कामडारा, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पारसनाथ प्रसाद
मुखिया कांडतरी
पंचायत

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


परवेज आलम
समाजसेवी सह प्रखंड
अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा
बेड़ो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संदीप उरांव
मुखिया
कुरसे पंचायत सह
प्रदेश महासचिव राजी पढ़हा सरना
प्रार्थना सभा भारत

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विनीता तोपनो
मुखिया
पंचायत टुरुंडू
कामडारा, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गुड्डू सिंह
उपाध्यक्ष
नगर कांग्रेस कमेटी
हजारीबाग

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जितेंद्र कुमार पांडे
प्रखंड विकास
पदाधिकारी बड़कागांव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रविंद्र कुमार
प्रखंड विकास
पदाधिकारी दुलमी
जिला रामगढ़

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज कुमार
अंचल अधिकारी
प्रखंड दुलमी जिला
रामगढ़

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

माला शर्मा
अध्यक्ष
लायंस क्लब ऑफ
भुरकुंडा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जगेस्वर महतो
त्रिमूर्ति प्लांट साइंस
प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद
ट्रेटी मैनेजर लोहरदगा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बभनी देवी
पंचायत समिति सदस्य पोटंगा
निवेदकः झामूमो नेता सोनाराम
मांझी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मिसिर लाल महतो
आजसू वरिष्ठ नेता
ग्राम सारजम बेड़ा प्रखंड
मांडू जिला रामगढ़

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अक्षय सिंह
ए एसआई बेड़ो
थाना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

उनील महतो
समाजसेवी सह पूर्व महासचिव
रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस
कमेटी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संगीता कुमारी
पंचायत समिति सदस्य
आंगो पंचायत निवेदक
मुनेश्वर गंझू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मोहरलाल महतो
ग्राम दोहाकातू
प्रखंड रामगढ़
जिला रामगढ़

## मेरी माटी, मेरा देश अभियान को लेकर प्रखंड स्तरीय माटी यात्रा का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी सतगावां वैद्यनाथ उरांव के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय मिट्टी,कलश यात्रा निकाली गयी। बासोडीह बाजार से प्रखंड मुख्यालय तक निकाली गयी यात्रा में स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत प्रखंड के कर्मी और काफी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी एवं वीर शहीदों को याद किया गया। इस कार्यक्रम में शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया।

## विधायक की पहल से दिव्यांगों को मिली ट्राई साइकिल



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के प्रयास से सीसीएल सीएमडी द्वारा प्रदत्त आम्रपाली चन्द्रगुप्त परियोजना कार्यालय से उपलब्ध दो दर्जन से अधिक दिव्यांग जनों को ट्राइसाइकिल मिला। बैट्री से चलने वाली इस अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ट्राइसाइकिल से दिव्यांग जनों के चहरे पर आत्मविश्वास उमड़ आया। विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि इससे बड़ा काम कुछ भी नहीं, एक छोटे से प्रयास से सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के दिव्यांग जनों को मिला है सहयोग।

## छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के एसपी राजकमल मधवाटांड़ जयनगर में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खेलकूद, सांस्कृतक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के निदेशक जय विजय यादव के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक विजय यादव ने कहा विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभा निखारने का जो कार्य किया है वह प्रशंसा योग्य है। मौके पर प्राचार्य राजेश यादव, उप प्राचार्य रामचंद्र राणा, शिक्षक दामोदर शर्मा, बिरजू कुमार, मनीष कुमार यादव, शिव शंकर यादव, महिला पुरुष मौजूद थे।

# बरकट्ठा में पुलिस पर पथराव, थाना प्रभारी समेत कई घायल

**उत्तेजित ग्रामीणों ने पलटी गयी पुलिस गाड़ी को उठाने पहुंचे मिनी क्रेन के टायर को किया पंक्चर**

आजाद सिपाही संवाददाता





**बरकट्ठा।** बरकट्ठा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने गुरुवार के रात करीब 10 बजे कोनहारा कला गांव पहुंची। जहां ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला बोलते हुए पथराव कर दिया। पुलिस गाड़ी छोड़कर वहां से पैदल वापस हो गई। पुलिस गाड़ी को लोंगो ने पलट दिया। पथराव में थाना प्रभारी समेत दर्जनों पुलिस कर्मी चोटिल हुए हैं। इसकी सूचना थाना को दी गई। जहां अतिरिक्त पुलिस भी पहुंची। जहां उग्र भीड़ का सामना करना पड़ा। मामले को देख थानाप्रभारी ने एसडीपीओ नाजिर अख्तर को जानकारी दी। जानकारी पाकर घटनास्थल पर एसडीपीओ नाजीर अख्तर एसडीओ पुनम कुजुर पहुंचे। पलटी गई पुलिस गाड़ी को मिनी क्रेन को उठाने के लिए बुलाया गया। गाड़ी उठाने के प्रयास के क्रम में ग्रामीण उत्तेजित हो गए। मिनी क्रेन के टायर में उत्तेजित लोंगों ने चाकू घोंपकर पंक्चर कर दिया। इस क्रम में एसडीपीओ को भी उग्र ग्रामीणों का सामना करना पड़ा। वहीं विधायक अमित कुमार यादव को जानकारी होने पर करीब दो बजे रात में मौके पर पहुंचे। जहां एक समुदाय के उग्र ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत किया। पुलिस के मुताबिक थाना कांड संख्या 124/23 और 136/23 के आरोपी ताज अंसारी पिता इसराइल अंसारी है। उसे पकड़ने के लिए रात्रि गश्ती की पुलिस गई थी। जहां गिरफ्तारी का विरोध ग्रामीणों ने करते हुए पथराव किया। इस घटना में शामिल लोंगो को चिन्हित कर थाने में प्राथमिकी दर्ज को लेकर समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई की जा रही थी। एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने बताया कि पथराव की घटना में चार से पांच पुलिस जवान चोटिल हुए हैं। पुलिस मामले को लेकर गंभीर है।

## मतौनी दहेज हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयनगर।** थाना क्षेत्र के मतौनी में हुए दहेज हत्याकांड के तीन नामजद आरोपी को जयनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेज दिया। थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने बताया कि जेल भेजे गए आरोपियों में महेश राणा पिता स्व. राम सहाय राणा, गुंजन राणा पिता महेश राणा, आलिया देवी पति स्व. राम सहाय राणा शामिल है। इधर नवविवाहिता के पिता धीरज विश्वकर्मा (नवलशाही थाना क्षेत्र के मंझिला नगर निवासी) ने शुक्रवार को अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कोडरमा कुमार गौरव से मिलकर एक आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने अपनी बेटी अंशु कुमारी उम्र 20 वर्ष पति धीरेंद्र राणा की हत्या ससुराल वालों के द्वारा करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। धीरज विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर बताया है कि उनकी बेटी के ससुराल वाले बुलेट मोटरसाइकिल और 2 लाख अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर लगातार उनकी बेटी को ससुराल में प्रताड़ित करते थे। जिसकी शिकायत उनकी बेटी ने उनसे पहले भी की थी। इस पर धीरज विश्वकर्मा ने गरीबी का हवाला देखकर अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थता जताई थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने उनकी बेटी की हत्या कर कुएं में डाल दिया। उन्होंने ससुराल पक्ष के धीरेंद्र राणा, मीना देवी, गुंजन राणा, सतीश राणा, आशीष राणा आदि पर हत्या का आरोप लगाया है।

## गाजर घास के दुष्प्रभाव पर दी जानकारी

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कृषि विज्ञान केंद्र कोडरमा के द्वारा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय जयनगर में पार्थेनियम जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के छात्राओं के बीच पार्थेनियम के दुष्प्रभाव एवं उससे बचाव विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों के द्वारा विस्तृत जानकारी दी। केंद्रीय उपजाऊ भूमि चावल अनुसंधान केंद्र हजारीबाग के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. शिवमंगल प्रसाद के द्वारा गाजर घास के दुष्प्रभाव एवं इसके निदान पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं डॉ. सौम्य ने गाजर के दुष्प्रभाव का असर जानवरों पर प्रभाव एवं फसलों में होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। वहीं डॉक्टर चंचिला कुमारी ने त्वचा पर पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डाला।







































## सुल्तानगंज-देवघर के रास्ते में निशुल्क सेवा शिविर का उद्घाटन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड मरकच्चो से पहुंची सेवा दल ने सुल्तान गंज से बाबा धाम जाने वाले रास्ते में भूलभुलैया के समीप सुगा सार में पैदल जाने वाले कांवरियों की सेवा करने के उद्देश्य से शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर का उद्घाटन स्थानीय प्रमुख ऋषभ कुमार व पंचायत समिति सदस्य पवन राज ने किया। सेवादल के द्वारा 17 अगस्त 2023 से लेकर 30 अगस्त 2023 तक सेवा की जाएगी। इसके अतिरिक्त फल, शरबत व दवाइयों का वितरण करेगी। शिविर में सेवा करने के लिए मरकचो से सोनू सिंह के नेतृत्व में रिंकू सिंह, सुजीत सिंह, विनोद ठाकुर, पियूष सिंह, विकास सिंह, बबलू सिंह, बिहार गौरव, विजय सिंह, मुन्ना साव, पप्पु कुमार वर्मा, मिथलेश सिंह समेत दर्जनों लोग कांवरियों की सेवा करने के लिए मौजूद हैं।

## बाइक पलटने से दो भाई घायल

**कोडरमा।** जिले डोमचांच थाना क्षेत्र के अंतर्गत नीरू पहाड़ी के समीप शुक्रवार को सड़क हादसे में बाइक सवार दो सगे भाई घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। घायलों की पहचान नावाडीह निवासी संतोष कुमार मेहता और सूरज कुमार मेहता दोनों के पिता इंद्र मेहता के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाजरत घायलों ने बताया कि दोनों भाई एक बाइक पर सवार होकर नावाडीह से ढाब थाम की तरफ जा रहे थे। इस दौरान नीरू पहाड़ी के समीप सड़क पर पानी भरे एक गड्ढे में उनकी बाइक नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें दोनों घायल हो गए। फिलहाल सदर अस्पताल कोडरमा में दोनों घायलों का इलाज चल रहा है।




## कमिश्नर के आदेश से कुंदरू खुर्द में लगी ग्राम सभा, सीओ ने ग्रामीणों को सुनाया संदेश

# 17.18 एकड़ भूमि के म्यूटेशन को लेकर आयुक्त कर रहे हैं मामले की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के आयुक्त के आदेश पर शुक्रवार को रामगढ़ अंचल के कुंदरु खुर्द गांव में ग्राम सभा लगाई गई। इस ग्राम सभा में अंचल अधिकारी सुधीर कुमार ने लोगों को कमिश्नर का संदेश सुनाया है। इस दौरान उन्होंने बताया है कि 17.18 एकड़ भूमि के म्यूटेशन को लेकर चल रही जांच अब काफी पारदर्शी हो गयी है। हजारीबाग कमिश्नर इस पूरे मामले को गंभीरता से लेकर हर बिंदु पर जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि किसी भी ग्रामीण या शिकायतकर्ता की बात को अनसुनी नहीं किया जा सकता है। यही वजह है कि आम नागरिकों को भी यह मौका दिया गया है कि 24 अगस्त तक वे



कमिश्नर के ऑफिस में प्रमाण के साथ अपना शिकायत दर्ज कारण।

**हजारीबाग कमिश्नर ने शुरू कर दी है जांच**

अंचल अधिकारी ने बताया कि कुंदरु खुर्द गांव में 17.18 एकड़ भूमि के गलत तरीके से म्यूटेशन का मुद्दा है। हाई कोर्ट की टिप्पणी के बाद राज्य सरकार के निर्देश पर हजारीबाग कमिश्नर ने अब इस मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

**दाखिल खारिज के दो आर्डर के खिलाफ हुई है शिकायत**

गौरतलब हो कि ग्राम सभा के आयोजन का विषय ₹उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी का न्यायालय, रामगढ़ द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत अंचल रामगढ़, मौजा कुंदरूखुर्द, थाना संख्या 120, खाता संख्या 77, कुल रकबा 17.18 एकड़ भूमि के दाखिल खारिज रिवीजन वाद संख्या 66/ 2022 अंकित पोद्दार वगैरह बनाम राज्य सरकार तथा दाखिल खारिज रिवीजन वाद संख्या 67/ 2022 शरद पोद्दार वगैरह बनाम राज्य सरकार वाद के पारित आदेश को लेकर है।

**सीओ ने ग्रामीणों से मांगा साक्ष्य**

कमिश्नर के आदेश से अंचल अधिकारी ने ग्रामीणों को बताया कि इस संबंध में उपरोक्त वाद में पारित आदेश के संबंध में कोई आपत्ति हो या कोई साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 24 अगस्त 2023 तक आयुक्त कार्यालय उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल, हजारीबाग में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित आपत्ति दे सकते हैं।

**कमिश्नर ने मांगा सभी जिले के सभी मठों की सूची**

साथ ही आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी मठों की सूची पता सहित उपलब्ध कराने एवं मामले की विस्तृत जांच के लिए भूमि सुधार उपसमाहर्ता के न्यायालय द्वारा पारित आदेश में अंकित पंकज कुमार, महेश महतो, जिलानी खान एवं नरेश कुमार के पिता का नाम व पता उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है।

**डीसी कोर्ट के आदेश के खिलाफ पंकज महतो ने दी थी चुनौती**

डीसी कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ रामगढ़ के समाजसेवी पंकज महतो ने डीसी पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए उनके आदेश को चुनौती दी थी। इसके बाद कुंदरू खुर्द गांव काफी चर्चा में आ गया था। पंकज महतो का कहना यह था कि जिस 17.18 एकड़ भूमि की जमाबंदी कायम की गई है और जिसकी बिक्री की गई है वह गलत तरीके से हुई है। वह जमीन राधा कृष्ण मठ के नाम पर थी। लेकिन अधिकारियों ने मठ का नाम हटाकर उसे एक आम नागरिक की भूमि बता दिया और उसकी बिक्री भी हो गयी।

**पंकज महतो की शिकायत पर जांच प्रक्रिया हुई शुरू**

इस मामले में पंकज महतो की शिकायत के आधार पर जांच प्रक्रिया शुरू हुई। इस मामले को कमिश्नर खुद देख रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को कुंदरु खुर्द गांव में आम सभा कराई। सभा में शिकायतकर्ता पंकज महतो भी शामिल हुए।

### प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआइ जांच करेगी तो रामगढ़ में बड़े जमीन सिंडिकेट का पर्दाफाश होगा : पंकज महतो

**रामगढ़।** कुंदरु खुर्द में अंचल अधिकारी द्वारा किए गए आम सभा पर पंकज महतो ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ग्राम सभा को सिर्फ दिखावा करार दिया है। उन्होंने बताया कि आसपास गांव की जनता जब राधा कृष्ण मठ की जमीन के बारे में पूछा कि कैसे 17 एकड़ 18 डिसमिल जमीन में 11 एकड़ का दाखिल खारिज का आदेश तत्कालीन उपायुक्त ने कर दिया। जबकि रामगढ़ अंचल के अंचल अधिकारी भोला प्रसाद ने स्पष्ट अपने रिपोर्ट में लिखा है कि भूमि माफिया द्वारा मठ की जमीन को हड़पने के नियत से राधा कृष्ण मठ के नाम को हटाकर राजस्व पंजी 2 के पृष्ठ को हटाकर बढ़ो साव वगैरह का नाम अंकित करवाया है। उक्त शिकायत के संबंध में लगान रसीद निर्गत बही 3अ से जांच कराया गया तथा पाया गया कि रसीद संख्या 3877 339 2004-05 एवं रसीद संख्या 67 45459 वर्ष 2012-13 खाता संख्या 77 राधाकृष्ण वैगरह के नाम से निर्गत किया गया है और वर्तमान अंचल अधिकारी ने भी इस जमीन के आपत्ति दर्ज की थी। उसके बाद भूमि उप समाहर्ता ने भी आपत्ति दर्ज किया था और मोटेशन को रिजेक्ट किया। फिर रामगढ़ उपायुक्त ने कैसे मोटेशन का आदेश दिया। यह बहुत बड़ा जांच का विषय है और रामगढ़ जिले का बहुत बड़ा घोटाला है।

# 15 दिनों के अंदर बैंक प्रबंधक और प्रतिनिधि कार्यों में लायें सुधार: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में कई निर्देश दिया। इस दौरान बैठक में बैंकों की वार्षिक ऋण योजना एवं क्रेडिट लिंकेज कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने जिन बैंकों द्वारा किए गए कार्यों को संतोषजनक नहीं पाया उनके



बैंक प्रबंधकों, प्रतिनिधियों को 15 दिनों के अंदर कार्यों में सुधार लाने का निर्देश दिया। वहीं डीसी ने सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र में ऋण उपलब्ध कराने हेतु जिन बैंकों की उपलब्धि 40 प्रतिशत से कम है उन बैंकों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश अग्रणी जिला प्रबंधक को दिया। वही, बैंकों के सीडी अनुपात में सुधार को लेकर डीसी ने आवश्यक दिशा निर्देश बैंक प्रबंधकों को दिए।

**लाभुकों को भी केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश**

बैठक में डीसी ने डीपीएम जेएसएलपीएस को ज्यादा से ज्यादा स्वयं सहायता समूह को मुद्रा लोन दिलाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कराने का निर्देश दिया। साथ ही बैंक प्रबंधकों व प्रतिनिधियों को कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन सहित अन्य क्षेत्रों से जुड़े लाभुकों को भी केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा डीसी ने सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे वैसे बच्चों जिनका किसी कारणवश अब तक बैंक में खाता नहीं खुल सका है उन्हें चिन्हित करते हुए जल्द से जल्द सभी बच्चों का खाता बैंक में खोलना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।




























































## सेवा ही लक्ष्य है : शंकरलाल




**गुमला (आजाद सिपाही)।** इन दिनों बारिश का मौसम है, छोटे छोटे व्यापारियों को विशेष तौर पर जो फुटपाथ पर रहते हैं उन्हें छतरी की आवश्यकता पड़ती है। महंगाई के कारण छाता लेना कठिन होता है इसी के कारण लायंस क्लब गुमला द्वारा गुमला शहर के फुटपाथ दुकानदारों के बीच 1-1 छाता का वितरण किया जा रहा है। साथ ही बड़े-बड़े सब्जी विक्रेताओं के बीच, फल विक्रेताओं के बीच छाता का वितरण किया जा रहा है। मौके पर लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष शंकरलाल जाजोदिया ने कहा सेवा ही लक्ष्य है। सेवा करने में काफी संतुष्टि मिलती है। वही मौके पर घर-घर तिरंगा के तहत गुमला शहर में लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष के नेतृत्व में तिरंगा का वितरण किया गया। मौके पर अशोक जयसवाल, सत्येंद्र कुमार, गुलाबचंद प्रसाद, राजकुमार अग्रवाल, विशाल कुमारऔर बिट्टू हेमंत कुमार उपस्थित रहे।

## केंद्रीय राज्यमंत्री का गुमला परिसदन में किया गया स्वागत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला द्वारा शुक्रवार को केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा का स्वागत गुमला परिसदन में किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र, अधिकारी जिला महामंत्री सतनारायण पटेल, कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, सागर उरांव, रामअवतार भगत, राधेश्याम कुशवाहा, बलकेश्वर सिंह, दामोदर कसेरा, बबलू बर्मा, विकास सिंह, शंभू सिंह, कौशलेंद्र जमुआर, लक्ष्मीकांत बड़ाइक, विक्की जयसवाल आदि कार्यकर्ता मंत्री से मिले। गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा द्वारा गुमला जिला में लघु और कुटीर उद्योग लगाने और जिला को रेलवे से जोड़ने मांग की गयी। विदित हो कि केंद्रीय राज्य मंत्री भानू प्रताप सिंह वर्मा एक सरकारी कार्यक्रम में शामिल होने गुमला आये थे।

# जिले में राष्ट्रीय एससी-एसटी हब कांक्लेव का आयोजनः उद्यमियों के लिए नये अवसर

आजाद सिपाही संवाददताा

**गुमला।** नगर भवन में जिले में शुक्रवार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय एससी-एसटी हब कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एससी-एसटी हब (एनएसएस एच) योजना और मंत्रालय की अन्य योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित इस कॉन्क्लेव की अध्यक्षता केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री भानू प्रताप सिंह वर्मा ने की। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीतेंद्र कुमार सिंह (आईएएस), सचिव, उद्योग विभाग, झारखंड सरकार, शिव शंकर, पूर्व विधायक, उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षण गुमला डॉ एहतेशाम वकारिब, डॉ जोसेफ मारियानस कुजूर निदेशक जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस, रांची झारखंड, गौरव कुमार, सहायक निदेशक, एमएसएमई डीएफओ, मर्सी एपाओ, जेएस-एसएमई, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार सहित अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे और कार्यक्रम में सैंकड़ों एससी-एसटी उद्यमियों ने भाग लिया।




कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्रालय की संयुक्त सचिव मर्सी एपाओ ने मुख्य भाषण दिया और आयोजित कॉन्क्लेव के मुख्य उद्देश्य से सभी को अवगत करवाया और एससी-एसटी उद्यमियों को सीपीएसइ, उद्योग संघों, ऋण देने वाली संस्थाओं, ट्राइफेड, एनइआरएएमएसी, जीइएम के साथ बातचीत करने के लिए एक संवाद मंच प्रदान किया।

**सरकार देश भर में उद्यमों के समग्र समावेशी विकास के लिए विभिन्न पहलों का नेतृत्व करने में सक्रिय रूप से कार्यरत है :** इस अवसर पर श्री वर्मा ने कहा, सरकार देश भर में उद्यमों के समग्र समावेशी विकास के लिए विभिन्न पहलों का नेतृत्व करने में सक्रिय रूप से कार्यरत है। हमारा ध्यान निर्यात, उत्पादों की गुणवत्ता, सकल घरेलू उत्पाद में योगदान और सभी को विश्व स्तरीय अवसंरचना और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी प्रदान करने के मामले में पूर्वोत्तर क्षेत्र को एमएसई के सन्दर्भ में एक बेंचमार्क बनाना है।

उन्होंने गुमला के लोगों में बहुत विश्वास दिखाया और कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उद्यमी अभिनव विचारों और व्यापार के पारस्परिक अवसरों का पता लगाएंगे तथा योजना से विभिन्न लाभ प्राप्त करेंगे।

**कई कंपनी, सरकारी और गैर सरकारी संगठन, बैंक शाखा एवं एसटी/एससी के लघु उद्यमियों द्वारा लगाया गया स्टॉल :** कार्यक्रम के दौरान कई बड़े कंपनियों की भी भागीदारी देखने को मिली। बैंक शाखाओं ने भी अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति उद्यमियों की सहायता के लिए सुविधा डेस्क स्थापित किया और एमएसएमई क्षेत्र में एससी/एसटी समुदाय को दी जाने वाली विभिन्न ऋण योजनाओं का विवरण दिया। कार्यक्रम में एमएसएमइ की सहायता के लिए अपनी विभिन्न योजनाओं को प्रस्तुत करने वाले अन्य सरकारी संगठन भी थे। एवं कार्यक्रम के दौरान विभिन्न अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति उद्यमियों के स्टॉल भी थे, जिन्होंने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।

**सफल उद्यमियों को किया गया सम्मानित :** कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के 5 सफल उद्यमियों को मंत्री एवं अन्य गणमान्यों के द्वारा सम्मानित किया गया। समावेशी विकास के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति हब का किया गया आयोजन।

## प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग ने 20 अगस्त के कार्यक्रम को लेकर बैठक की



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष चैतु उरॉव के अध्यक्षता में परिसदन भवन गुमला में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के झारखंड प्रभारी उमैर खान और प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी का 20 अगस्त 2023 को आगमन को लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रूपरेखा, चर्चा तैयारी बैठक की गयी। सभी कांग्रेसी पदाधिकारियों ने अपनी अपनी मंतव्य दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम निम्न है भरनो प्रखंड कांग्रेस कमिटी एवं अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा भरनो चौक में सुबह 10 बजे माल्यार्पण, सिसई प्रखंड कांग्रेस कमिटी और अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा सिसई चौक में पूर्वाहन 10:30 बजे, गुमला संत पात्रिक मैदान के पास पूर्वाहन 11 बजे जिला कांग्रेस कमिटी एवं अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा माल्यार्पण कार्यक्रम, साथ ही पूर्वाहन 11:15 बजे शहीद चौक में माल्यार्पण के साथ जुलूस परिसदन भवन गुमला में पूर्वाहन 11:30 बजे बैठक की शुरुआत होगी। मौके पर मानिक चंद साहू, खुदी भगत दुखी, विष्णु राम, खालिद साह, मो कलाम आलम, फिरोज आलम, अनीता कुमारी और काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिजली के कई पोल सिर्फ शोभा बढ़ा रहे

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने बताया कि उनके बड़ाइक मुहल्ला स्थित आवास के निकट के कई पोल सिर्फ शोभा बढ़ा रहे है। उसमें बिजली जलने की कोई व्यवस्था नहीं है। जबकि हाल के दिनों में बगल के टंगरा मार्केट में चोरी की घटना घट चुकी है। वहीं बड़ाईक मुहल्ला में कई दुकानों में चोरी का असफल प्रयास किया जा चुका है। ऐसे में संभावना बनी रहती है कि अंधेरे का फायदा उठाकर चोर सेंधमारी कर सकते है। नगर परिषद के पदाधिकारी को दूरभाष के माध्यम से अवगत कराया गया था। किंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति कई जगहों पर है। इसलिए नप के पदाधिकारी से आग्रह है कि बल्ब की व्यवस्था कर पोलों में बिजली जलवाने की कृपा करें। साथ ही जहां मरम्मति का अभाव है। वहां मरम्मति कराया जाए। जिससे कि शहरवासी निफिक्र होकर रह सके और खंभों में बल्ब जलने की वजह से दुर्घटना होने या सांप सहित अन्य विषैले जीव-जंतुओं के घरों में घुसने की आशंका का सामना न करना पड़े।

































# एमइसीएल कॉलोनी में मनसा पूजा के अवसर पर यज्ञ महोत्सव

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मां मनसा मंदिर समिति के तत्वावधान में एमइसीएल कॉलोनी सयाल मोड़ भुरकुंडा में मां मनसा पूजा के पावन अवसर पर 15 से 17 अगस्त तक यज्ञ महोत्सव हुआ। पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां मनसा देवी की विशेष पूजा-अर्चना करायी गयी। पूजा में बतौर अतिथि क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय पांडेय शामिल हुईं। शुक्रवार को भंडारा का आयोजन हुआ। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में अध्यक्ष जगल विश्वकर्मा,



सचिव अशोक करमाली, उपसचिव मनोज करमाली, कोषाध्यक्ष महेंद्र पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद राय, संयोजक सुरज करमाली, अनिल कुमार, श्रवण कुमार, मिंटू कुमार, विक्रम पासवान, शंभु साहू, राजा करमाली, सरकार विश्वकर्मा, कमेश नायक, मिनी करमाली, रवि विश्वकर्मा, किशोर विश्वकर्मा, मुन्ना करमाली सहित विक्की करमाली, सन्नी करमाली, नितेश करमाली, आशीष भुंइया, विशाल कुमार, रवि रजक, अमन करमाली, विवेक पासवान, राजन सिंह, अभिषेक पटेल, करन कुमार, राजा कुमार, अलिक करमाली, ऋषि विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा।
































































## निजी खर्च से सीसीटीवी और नया लाइट लगवाने का दिया आश्वासन

# कब्रिस्तान सुव्यवस्थित हो और सुनिश्चित हो बच्चों को दफनाने की जगह : अरुणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने सर्किट हाउस के सामने स्थित कब्रिस्तान में जाकर वहां की व्यवस्था को देखा। कहा कि जैसे हम हिंदुओं के राजा हरिश्चंद्र घाट सुव्यवस्थित है वैसे ही मुस्लिम भाइयों का कब्रिस्तान भी सुव्यवस्थित होगा। प्रथम महापौर से वहां की देख रेख कर रहे इसराइल आजाद उर्फ मिंटू एवं आजाद खान ने बताया कि कब्रिस्तान का लगभग सारा लाइट खराब है। कब्रिस्तान के अंदर रास्ते की स्थिति भी अच्छी नहीं है जिससे बरसात के दिनों में काफी दिक्कत होती है। इस पर प्रथम महापौर ने कहा कि वो खुद नगर आयुक्त से बात कर कब्रिस्तान की सभी लाइटों की मरम्मत करवा देंगी। साथी ही कब्रिस्तान के अंदर रास्ते में पेवर लगाने की बात करूंगी। अगर जरूरत पड़ी तो मैं अपने खर्चे से नया लाइट लगवाऊंगी। वहां पर लोगों ने प्रथम महापौर को कब्रिस्तान में अपने निजी खर्चे से सीमेंटेड बेंच लगवाने के लिए बधाई देते हुए सीसीटीवी लगाने की बात भी रखी। जिसे प्रथम महापौर ने दो दिनों के अंदर अपने निजी खर्च से सीसीटीवी लगवाने की घोषणा की। इसी कड़ी में प्रथम महापौर ने कहा कि हमारे शहर में हिंदू भाइयों के बच्चों की अकस्मात मृत्यु के बाद उन्हें दफनाने के लिए कोई जगह आज तक सुनिश्चित नहीं किया गया। जिस कारण लोग यहां वहां मजबूरन दफना देते हैं। मैं इस संबंध में पलामू डीसी एवं नगर आयुक्त से बात करूंगी कि राजा हरिश्चंद्र घाट से सटे हिंदू बच्चों को सम्मानजनक तरीके से दफनाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इस मौके पर अनवर, सब्बू खान, अतीकउर रहमान, मुमताज शाह, आजाद खान, मोहसिन मियां, नसीम राइन, अजगर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## प्रथम महापौर का रंग लाया प्रयास, पत्थर मील रोड और कुम्हार टोली में 15 साल बाद पानी मिलना शुरू



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रथम महापौर अरुण शंकर ने नगर निगम की ओर से पत्थर मील रोड एवं कुम्हार टोली में निगम द्वारा लगाए गए नए पाइपलाइन को देखते हुए प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि आज तक इस एरिया में किसी ने पानी दिलाने की पहल नहीं की। जब यहां के लोगों ने मुझे आकर अपनी व्यथा बताई और मुझे लगा कि चंद रुपये खर्च करने से इन्हें पानी उपलब्ध कराया जा सकता तो निगम का ध्यान आकृष्ट कराया और आज कार्य संपन्न हो गया। यहां शनिवार से पानी मिलना शुरू हो जाएगा, जिसकी मुझे काफी प्रसन्नता है। प्रथम महापौर से वहां के लोगों ने कहा कि यहां ज्यादा लाल कार्ड वाले रहते हैं। इस लिए दोनों जगह स्टैंड पोस्ट की व्यवस्था कराई जाए। जिस पर प्रथम महापौर ने नगर आयुक्त से बात कर स्टैंड पोस्ट लगवाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जल्द क्रमबद्ध तरीके से जहां-जहां पानी छोटे-छोटे पाइप लाइन से पहुंचाया जा सकता है, वहां-वहां नगर आयुक्त से बात कर पानी पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। इस अवसर पर जयंत प्रसाद, शंभु साव, रंजीत कुमार, सुबोध गुप्ता, नीरज कुमार, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

# देसी कट्टा और कारतूस सहित दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**उंटारी रोड/पलामू।** उंटारी रोड थाना पुलिस ने देसी कट्टा व 8 एमएम की दो कारतूस के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान गढ़वा जिला के कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमउरा नावा भिलमा निवासी विवेक कुमार पासवान और सोनपुरा स्टेट निवासी धनंजय कुमार पासवान के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दोनों अपराधी हथियारों की आपूर्ति किया करते थे। जानकारी के अनुसार एएसआई मुन्नालाल जामुदा को सूचना मिली थी कि फेकनडीह मोड़ से आगे पक्की सड़क पर दो अनजान लड़के पैदल घूम रहें है। उनके पास कुछ हथियार भी है। सूचना के बाद पुलिस जब फेकनडीह मोड़ पहुंची तो दोनों युवक पुलिस गाड़ी देखकर खेत की तरफ भागने लगे। पर पुलिस के सतर्क जवानों ने दोनों को दौड़ा कर पकड़ लिया। उनकी तलाशी के दौरान पुलिस को विवेक कुमार पासवान के पैंट के दाहिना पॉकेट से आठ एमएम का दो जिंदा कारतूस और बायें पॉकेट से काला रंग का एंड्रायड मोबाइल फोन के अलावा धनंजय कुमार पासवान के कमर में बांए तरफ से एक देशी कट्टा और दहिना पॉकेट से काला रंग का एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस को बताया कि वे देशी कट्टा और कारतूस की आपूर्ति करते हैं। जब्त देशी कट्टा को वे लोग तीन हजार रुपये में हुसैनाबाद के अलीनगर निवासी अभिषेक पासवान से लिये थे। हथियार को अलीनगर जपला के मिंशू सिंह पिता राजा सिंह को देना था। हथियार मंगवाने के लिए मिंशू सिंह ने धनंजय कुमार पासवान को चार दिन पहले 10 हजार रुपये दिया था। वहीं धनंजय कुमार पासवान 10 हजार रुपये में से आठ हजार रुपये हथियार मंगवाने के लिए विवेक कुमार पासवान को दिया था। इस दौरान छापामारी टीम में हवलदार दिलीप कुमार किस्कु, पुलिस जवान राजन कुमार व प्रवेश कुमार शामिल थे।

## संयुक्त किसान मजदूर संगठन के झारखंड अध्यक्ष बने वशिष्ठ सिंह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** संयुक्त किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पंडित ने हुसैनाबाद निवासी झामुमो के केंद्रीय सदस्य वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह को झारखंड का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसान यूनियन के कई संगठनों की अपेक्षा संयुक्त किसान मजदूर संगठन देश के साथ ही झारखंड प्रदेश के किसान और मजदूरों के हक के लिए बेहतर लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो दायित्व सौंपा है उस पर खरा उतरते हुए झारखंड के सभी जिलों व गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करने का पूरा प्रयास करेंगें। साथ ही किसानों व मजदूरों की आवाज को बुलंद करेंगें।

## पंचायत सचिवालय के स्वयंसेवकों ने हुसैनाबाद विधायक को सौंपा ज्ञापन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** ग्राम पंचायत सचिवालय के स्वयंसेवको ने विभिन्न मांगों को लेकर हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में विधायक कमलेश कुमार सिंह से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। विधायक ने उनकी मांगों से सरकार को अवगत कराने के साथ ही हमेशा उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। वहीं, मांग पत्र में कहा गया है कि विगत सात वर्षो से पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक अपनी सेवा दे रहे हैं। उनका चयन झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग के विज्ञापन संख्या पीआरआई 42305 (ग्रामीण विकास) 16-17 के तहत किया गया था। झारखंड के सभी ग्राम पंचायत में संबंधित पंचायत के योग्य युवक-युवती को विहित प्रक्रिया द्वारा चयन किया गया था। पूर्व के झारखंड सरकार द्वारा स्वयंसेवकों को कार्य के बदले संबंधित विभाग की ओर से प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड राज्य खनिज संपदा से परिपूर्ण है। बावजूद इसके यहां के स्थानीय युवक एवं युवती ग्राम पंचायत में स्वयंसेवक के पद पर कार्यरत होते हुए बदहाली का जीवन जीने को विवश है। वे अपनी नियोजन को लेकर चिंतित हैं। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के पांच प्रखंड हरिहरगंज, हुसैनाबाद, पिपरा, हैदरनगर, मोहम्मदगंज के सभी स्वयंसेवको ने विधायक से आग्रह किया हैं कि मुख्यमंत्री से पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों की मांगों के संबंध में वार्ता कर मांगें पूरी कराएं। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के विधानसभा अध्यक्ष राहुल सिंह, हैदरनगर अध्यक्ष गोपाल प्रजापति, मोहम्मदगंज अध्यक्ष राजू कुमार, पिपरा धीरज कुमार, हरिहरगंज श्यामलाल कुमार, गुड्डू कुमार, दिलीप गुप्ता आदि थे।

## पलामू के आयुक्त और आइजी ने की शहीद दारोगा के परिजनों से मुलाकात



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू आयुक्त मनोज जयसवाल और आइजी राजकुमार लकड़ा शुक्रवार को रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव पहुंचे। जहां शहीद दरोगा अमित तिवारी के परिजनों से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों ने परिजनों को ढांढस बंधाया। कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रशासन और सरकार शहीद परिवार के साथ है। शहीद अमित तिवारी की शहादत बेकार नहीं जायेगी। इस दौरान आयुक्त मनोज जयसवाल और आइजी राजकुमार लकड़ा ने शहीद दरोगा अमित तिवारी को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब हो कि नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान चाइबासा में दरोगा अमित तिवारी 14 अगस्त को शहीद हो गए थे। इस मौके पर शहीद के परिजन व ग्रामीण मौजूद थे।

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पुराने सीएचसी में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में विफल : कमलेश

25 अगस्त को उग्र आंदोलन करने का किया आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के पुरानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधा चालू कराने का मुद्दा दिन ब दिन गहराता जा रहा है। इसे लेकर राजद नेता कमलेश यादव के नेतृत्व में आगामी 25 अगस्त को आंदोलन करने का आह्वान किया गया है। बतातें चलें कि नौ अगस्त को कमलेश यादव के नेतृत्व में सांकेतिक रूप से दर्जनों लोगों के साथ बेलौदार मोड़ स्थित 98 पर उग्र आंदोलन का संकेत दिया था। इसे लेकर राजद नेता ने शुक्रवार को फोन पर कहा कि स्वास्थ्य विभाग पुराने सीएचसी भवन में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में विफल रही है। जबकि 11 अगस्त को सीएस से मिलकर पुराने सीएचसी भवन को चालू कराने की मांग की गई थी। तब 18 अगस्त से पहले चालू करने का आश्वासन मिला था। बावजूद इसके अब तक शहरी स्वास्थ्य केंद्र को चालू नहीं किया गया। कहा कि अब आश्वासन नहीं चलेगा। आगामी 25 अगस्त को ग्रामीणों के साथ उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## आलोक चौरसिया को हाई कोर्ट से जीत मिलने की खुशी में बांटी मिठाई

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** कम उम्र में विधायक का चुनाव लड़ने का आरोप लगाते हुए आलोक चौरसिया के खिलाफ कांग्रेस के पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी ने कोर्ट में मामला दर्ज कराया था, जिसे लंबे समय बाद हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आरोप को निरस्त कर दिया है। इसी खुशी में सतबरवा ट्रेनिंग स्कूल चौक के पास भाजपाइयों ने मिठाई बांट खुशी जाहिर की।








स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



विजय मुंडा
मुखिया
बलकुदरा पंचायत

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


BMS

सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ
बरका-सयाल क्षेत्र
निवेदक : सीसीएल सीकेएस, बीएमएस परिवार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अर्चना देवी
पूर्व जिला पार्षद सह समाजसेवी



बीरेंद्र पासवान
समाजसेवी

रामगढ़ झारखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



बाबूलाल नायक
अनुमंडल अध्यक्ष : भाजपा
अनुसूचित जाति मोर्चा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



किशुन नायक
प्रखंड अध्यक्ष अनुसूचित जाति उत्थान परिषद
सह समाजसेवी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अमित सिन्हा
भाजपा युवा नेता सह समाजसेवी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



उपेंद्र शर्मा
मुखिया सौंदा डी पंचायत

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रूदल कुमार
जिला महामंत्री रामगढ़
भाजपा अनुसूचित मोर्चा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



असगर अंसारी
समाजसेवी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



देवेंद्र सिंह
मंडल कोषाध्यक्ष
भाजपा भदानीनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



पवन सोनी
बिजनेसमैन

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




किशोरी वर्मा
विजय ज्वेलर्स
(चेयरमेन)
निवेदक
विजय ज्वेलर्स परिवार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



राजन राम
प्रखंड सचिव
अनुसूचित जाति

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



चंद्रमोहन अग्रवाल
99 बाजार, व्यवासायी
एक बार जरूर पधारे
निवेदक : बीरू अग्रवाल

## पति ने दी छोड़ने की धमकी तो पत्नी ने कर ली खुदकुशी, पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू थाना क्षेत्र के बिचना गांव स्थित एक सुनसान बागीचा से पुलिस ने गुरुवार की शाम फांसी के फंदे से लटकते एक महिला का शव बरामद किया। शव सड़ने लगा था। उससे तेज दुर्गंध भी आने लगी थी। शव के समीप ही पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया, जिसके आधार पर शव की पहचान तोरपा थानांतर्गत कोंहड़ा टोली डोड़मा निवासी मार्शल सोय होरो की पत्नी अंशु सोय (23) के रूप में हुई है। सुसाइड नोट के अनुसार मुरहू के बिंदा सुमलुंग निवासी उक्त महिला ने कुछ वर्ष पूर्व मार्शल सोय होरो से ढुकू विवाह किया था। महिला का दो साल का एक बेटा भी है। महिला ने सुसाइड नोट में आरोप लगाया है कि उसका पति बार-बार उसे छोड़ने की धमकी देता है। अक्सर उसके साथ झगड़ा करता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पांच-छह दिन पूर्व भी महिला का पति से झगड़ा हुआ था। उसके बाद वह घर से निकल गई थी। संभावना जताई जा रही है उसी दिन अंशु सोय बिचना पहुंची और जंगलनुमा घने बागीचा के एक पेड़ पर रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को महिला को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में उसके पति मार्शल सोय होरो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## प्रधान सचिव वंदना डाडेल कांके प्रखंड के फूलो झानो जन आशीर्वाद योजना के लाभुकों से मिलीं

**कांके (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल फूलो झानो जन आशीर्वाद योजना की महिला लाभुकों से मिली और योजना का हाल जाना। लाभुकों से सीधे बातचीत कर उनकी आर्थिक स्थिति में हो रहे सुधार के बारे में जानकारी ली। सर्वप्रथम प्रधान सचिव गागी पंचायत सचिवालय पहुंची और फूलो झानो योजना से लाभांवित कुल 13 लाभुकों से बात की। आधान सचिव को महिलाओं ने बताया कि पूर्व में सभी महिला स्थानीय हाट बाजारों में हड़िया दारू बेचती थी। जेएसएलपीए के माध्यम से सभी महिला ग्रुप में जुड़ी और फूलो झानो जन आशीर्वाद योजना से लाभांवित हुई। अब सभी हड़िया दारू बेचना छोड़कर छोटा मोटा व्यापार कर रही है। जिसमें कुछ महिला सब्जी, मुर्गा दुकान, राशन दुकान, सूअर पालन आदि का व्यापार कर रही है। जिसे जानकर प्रधान सचिव ने प्रसन्नता जाहिर की साथ ही उन्होंने कहा अब भी बहुत सारी महिला जो इस कारोबार में है। उन्हें योजना की जानकारी और प्रोसाहित कर योजना से जोड़े व सम्मानजनक कार्य के लिए जागरूक करे। मौके पर रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।








| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


**कार्रवाई : देसी कार्बाइन, पिस्तौल, कारतूस और नकद 26 हजार रुपये बरामद**

# अड़की में व्यवसायी से लूट और गोलीकांड के आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र के केंडोरेया बाजार से लौट रहे पुरना नगर निवासी व्यवसायी बादल साहू से हुई लूट और गोलीकांड के मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से देसी कार्बाइन, पिस्टल और कारतूस, बाइक और नकद 26 हजार रुपये बरामद किया गया हैं। यह जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने दी। वे शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आरोपितों ने गत चार अगस्त की शाम डोरेया बाजार से लौट रहे पुरनानगर गांव के व्यापारी बादल साहू से हथियार का भय दिखाकर नकद दो लाख 30 हजार रुपये लूट लिये थे। भागने के दौरान कमलेश प्रमाणिक नामक एक ग्रामीण को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। एसडीपीओ ने बताया कि गुरुवार को अड़की थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि जरंगा घाटी के पास आपराधिक प्रवृति के तीन युवक किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अड़की थाना प्रभारी इकबाल हुसैन के नेतृत्व में छापामार टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बाइक पर सवार तीन संदिग्ध संदिग्ध युवकों को रोक लिया। उनकी तलाशी ली गई, तो उनके पास से पिस्टल, कारतूस नकद आदि बरामद किये गये। तीनों को हिरासत में लेकर जब उनसे पूछताछ की गई तो पुरनानगर के व्यापारी से हुई लूट के मामले का खुलासा हो गया। तीनों ने लूट की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है। बताया कि घटना में उनके साथ एक और अपराधी शामिल था, जो व्यापारी की रेकी कर रहा था। गिरफ्तार अपराधियों से मिली इस जानकारी के आधार पर पुलिस फरार चौथे अपराधी की तलाश में जुटी है। बताया गया कि गुरुवार को भी तीनों अपराधी किसी व्यापारी को लूटने की मंशा से वहां घूम रहे थे। गिरफ्तार अपराधियों में रमण प्रताप बागती के विरुद्ध पिछले वर्ष तमाड़ थाने में आर्म्स एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में एक मामला दर्ज है, जबकि सहदेव सिंह मुंडा उर्फ गालू के विरुद्ध इसी वर्ष बंगाल के झालदा थाने में लूट का एक मामला दर्ज है। छापामार टीम में अड़की के थाना प्रभारी इकबाल हुसैन, एसआई मनोज तिर्की, उत्तम कुमार और बिरजू प्रसाद, हवलदार पंकज कुमार सहित अन्य आरक्षी शामिल थे।



गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी देते अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व अन्य।

## रंग लाया सिमरिया विधायक का प्रयास, दिव्यांगों के बीच ई साइकिल का हुआ वितरण

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास की अनुशंसा पर दिव्यांग जनों के बीच बैटरी संचालित ई-रिक्शा वितरण कार्यक्रम में पिपरवार क्षेत्र के दो दिव्यांग जनो को ई रिक्शा साइकिल का वितरण शुक्रवार सीसीएल आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र में किया गया। इस दौरान पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सीसीएल अधिकारियों ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बटुका निवासी चंदू उरांव की पुत्री दिव्यांग बसंती तिर्की और केमो निवासी दिव्यांग मुन्ना पांडे को ई साइकिल दिया गया। ई साइकिल पाने वाले दिव्यांग बसंती तिर्की ने कहा कि वर्षों से उपेक्षित दिव्यांग जनों के बीच ई साईकिल उपलब्ध कराने में विधायक किशुन कुमार दास सीसीएल अधिकारी और पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष का प्रयास सराहनीय रहा है।

## खूंटी में प्रेस क्लब भवन निर्माण सहित 24 योजनाओं को मंत्री अर्जुन मुंडा ने दी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने जिले के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनाबद्ध निधि से खूंटी में प्रेस क्लब भवन के निर्माण सहित कुल 24 योजनाओं की स्वीकृति दी है। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री द्वारा खूंटी के डीसी लोकेश मिश्र को भेजे पत्र में कहा कि अनाबद्ध निधि के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर नद योजनाओं पर कार्रवाई की जाए। अर्जुन मुंडा ने जिन योजनाओं की स्वीकृति दी है, उनमें कर्रा प्रखंड की घुनसूली पंचायत के चांपी गांव मुख्य पथ से हनुमान मंदिर तक पीसीसी पथ का निर्माण, कर्रा प्रखंड के लोधमा गांव के तालाब में सीढ़नुमा घाट निर्माण, खूंटी प्रखंड के गुटजोरा करी नदी के पास श्मशान शेड का निर्माण, खूंटी प्रखंड के ही रंगरोड़ी धाम में छतरीनुमा शेड और तार से घेराबंदी निर्माण, मुरहू प्रखंड के केवड़ा से जानुमपीड़ी तक पथ और गार्डवाल निर्माण, रनिया प्रखंड के सौदे के दशहरा टांड़ में सामुदायिक भवन निर्माण, अड़की प्रखंड की बालालोंग के जोजोहातू स्कूल में चार कमरों का निर्माण, अड़की के पुरना नगर में सामुदायिक भवन निर्माण, खूंटी प्रखंड का तिलमा पंचायत अंतर्गत तारूप गांव में गार्डवाल और आरसीसी पुल निर्माण, तोरपा प्रखंड की तपकरा पंचायत में बरदा नदी छठ घाट के समीप चेक डैम का निर्माण, रनिया तपकरा के बीच करो नदी पर बीपीडीपी से निर्मित पुल के फ्लोर का निर्माण,



खूंटी प्रखंड के मुरही पिपरा टोली से हाड़म बनाम तक पीसीसी निर्माण, खूंटी प्रखंड की मरांगहादा पंचायत के हितुटोला गांव के सूखा तालाब से भंडरा मारंगहादा पथ पक्की सड़क निर्माण, खूंटी प्रखंड के सिलादोन ग्राम पुटिदा तक पक्की सड़क का निर्माण, खूंटी प्रखंड की तिलमा पंचायत के कुजराम चायपीड़ी होते हुए हंजेद तक पक्की सड़क निर्माण, तोरपा प्रखंड अंतर्गत हुसीर पंचायत के हुसीर स्कूल से बुरूटोली तक पथ निर्माण, पतरा सेरेंग नदी पर पुलिया निर्माण, खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत महात्मा गांधी धर्मशाला का जीर्णोद्धार एवं शौचालय निर्माण, खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में प्रेस क्लब का भवन निर्माण, खूंटी नगर पंचायत के कचहरी परिसर में शेड निर्माण और कर्रा प्रखंड अंतर्गत सोनमेर मंदिर परिसर में विवाह मंडप का निर्माण शामिल है। यह जानकारी जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने दी।

## पूर्व विधायक ने बेड़ो प्रखंड में धान रोपाई की स्थिति का लिया जायजा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मानसून की दगाबाजी व कम बारिश की बेरहम मार से बेड़ों क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई है। बारिश की आस में किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। धान रोपनी का काम अभी भी पूरा नहीं हुआ है। फिर भी किसानों ने बढ़ती महंगाई और घाटा को नजरंदाज करते हुए बारिश और उत्पादन की आस में धान रोपनी में जुटे हैं। इधर, पूर्व विधायक सह भाजपा नेत्री गंगोत्री कुजूर ने शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर धान रोपाई की स्थिति का मुआयना किया। कहा कि झारखंड सरकार इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है। उन्होंने सरकार से झारखंड को सुखा घोषित करने की मांग की है। कहा कि हेमंत सरकार को जल्दी झारखंड को सुखा घोषित करना चाहिए, अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने बेड़ो प्रखंड के विभिन्न गांवों में किसानों से मिलकर खेती का हाल खबर लिया। मौके पर भोगेन सोरेन राजीव रंजन अधिकारी आदि मौजूद थे।

## प्रखंड अंजुमन कमेटी रद्द करने की मांग

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंजुमन कमेटी के चुनाव के चार दिन भी नहीं गुजरे है और विवाद शुरू हो गया है। मामले को लेकर रातू ठाकुर गांव मार्ग स्थित पार्क एंबु में बैठक हुई। प्रखंड कमेटी के सदर उम्मीदवार शाहिद अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पंडरा के रहने वाले अंजुमन कमेटी के हारे हुए प्रत्याशी मुंतजिर खान, हुरहुरी के इमरान खान, सिमलिया के इमरान अंसारी, परहेपाट के रहने वाले उप सेकेट्री पद के उम्मीदवार महफूज आलम समेत विभिन्न कमेटियों के 29 लोग शामिल थे। बैठक में शामिल लोगों ने चुनाव को लेकर गंभीर आरोप लगाया। कहा कि चुनाव में आमया संगठन व अमन ग्रुप ने चुनाव को प्रभावित किया है। आरोप यह भी है कि चुनाव जितने के लिए कुछ ठेकेदारो को मोटी रकम भी दी गयी है। बैठक में शामिल लोगों ने चुनाव कमेटी से इन सभी मुद्दों की जांच कर चुनाव को रद्द कर पुनः चुनाव कराये जाने की अपील की है। उधर, आमया संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष शमीम अली ने कहा कि आमया संगठन पर चुनाव प्रभावित करने का जो आरोप लग रहा है वह बेबुनियाद है। उन्होंने बताया कि आमया संगठन जनहित के मुद्दों पर काम करती है। संगठन पर रातू अंजुमन इस्लामिया चुनाव को प्रभावित करने का आरोप बेबुनियाद है। समाज को तोड़ने वाले बयान देने के बजाय समाजहित में काम करना चाहिए। एक पक्ष के प्रत्याशियों की मदद नहीं की गयी है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## चांडील डैम का जल स्तर बढ़ने पर जलमग्न हुआ इचागढ़ गांव



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में चांडील डैम का जलस्तर बढ़ने से विस्थापित गांवों में पानी घुस गया है। लगातार दो दिनों से हो रहे झमाझम बारिश से डैम का पानी गांव में सड़क व घरों में भी घुस रहा है। जल स्तर बढ़ने पर बक्साई, कालीचमदा, मैसाड़ा, ईचागढ़ आदि क्षेत्र में रह रहे विस्थापित परिवार पर पानी में डूबने का खतरा मंडराने लगा है। ईचागढ़ बस्ती के मुख्य सड़क पर पानी दो-तीन फीट जमा हो गया है। दर्जनों घर व मंदिरों में जल प्रवेश कर गया है। बताया जा रहा कि चांडील डैम का जल स्तर 181 मीटर से अधिक है। हालांकि दो रेडियल गेट खोल दिया गया है। वहीं, शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो और अंचलाधिकारी भोला शंकर महतो ईचागढ़ बस्ती सहित कई जलमग्न गांव का दौरा किये और स्थिति का जायजा लिया।

## राणाडीह स्कूल को हाथियों ने किया क्षतिग्रस्त

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के राणाडीह प्राथमिक विद्यालय को जंगली हाथियों के झुंड ने क्षतिग्रस्त कर दिया। स्कूल के सभी कमरे के खिड़की और दरवाजों को तोड़ कर किताब, बेंच-डेक्स, चावल को नष्ट कर दिया है।स्कूल की चहारदीवारी को भी गिरा दिया है। इसके पूर्व पांच अगस्त को भी हाथियों के झुंड ने स्कूल को नुकसान पहुंचाया था। हाथियों का दो झुंड आसपास काफी दिनों ने किसानों को परेशान कर रहा है। स्कूल के प्रधानाध्यापक महेंद्र वर्मा ने विभाग कार्यालय को घटना की जानकारी पहुंचा दिया है।

## दो सप्ताह से बिजली की आंख मिचौली, लोग परेशान

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू सहित पूरे पांच परगना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पिछले दो सप्ताह से लगातार बिजली के अनियमित आपूर्ति से ग्रामीण परेशान है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन चार-पांच घंटा बिजली आपूर्ति ठप रहती है। कभी-कभी तो ग्रामीण क्षेत्रों में रात भर बिजली नहीं रहती है। रोजमर्रा कामकाज के अलावा विद्यार्थियों को पठन-पाठन में भी असुविधा हो रही है। विद्युत विभाग के अधिकारियों से बातचीत करने पर पता चला कि ग्रीड से ही बिजली की आपूर्ति कम हो रही है । इस कारण पर्याप्त मात्रा में बिजली की आपूर्ति नहीं कर पा रहे है। सरकार द्वारा बिजली को गैरसरकारी हाथों में देने से लोगों को और अधिक तकलीफ हो रही है।


















## नामकुम में 500 लकड़ी चूल्हा का वितरण




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जाति एसी मोर्चा ग्रामीण जिला मंत्री सह नामकुम समाजसेवी अशोक नायक के नेतृत्व में नामकुम प्रखंड के लाली महुआ टोली में 500 धुआंरहित (कोर कार्बन चूल्हा) का निःशुल्क वितरण किया गया। अशोक ने कहा कि कोर कार्बन चूल्हा से महिलाएं लकड़ी का इस्तेमाल कर खाना बना सकेगी। इस चूल्हा से महिलाओं को पर्यावरण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा में लाभ मिलेगा। अन्य चूल्हे की अपेक्षा 50 फीसदी लकड़ी कम लगेगा। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया जीरेन टोप्नो, पंसस बबिता देवी, सुरेंद्र महतो, नितेश नायक, पास्कल लकड़ा, पंचित लाल महतो, लखींद्र नायक, अभिराम लोहार आदि उपस्थित थे।




## विश्व साइकिल चैंपियनशिप में भाग लेकर स्कॉटलैंड से लौटे

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने शैलेंद्र पाठक को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** विश्व साइकिलिंग चैंपियनशिप 2023 का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में एक अगस्त से आयोजित किया गया था। इसमें पूरे विश्व की 142 टीमें शामिल थी। इस चैंपियनशिप में रोड इवेंट, ट्रैक इवेंट, माउंटेन बाइक, बी एन एक्स के साथ ही पारा साइकिलिंग की टीमों ने भाग लिया। उक्त विश्व साइकिलिंग चैंपियनशिप में भारतीय टीम का नेतृत्व कर गढ़वा लौटने पर शुक्रवार को राम साहू के फुटबॉल मैदान में बने मंच पर झारखंड सरकार के मंत्री सह स्थानीय विधायक और फुटबॉल संघ झारखंड के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शैलेंद्र पाठक को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए गढ़वा जिला फुटबॉल संघ की तरफ से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आप के उपलब्धियों के कदम दर कदम हम सभी आह्लादित हैं और कामना करते हैं कि आप इसी तरह अनवरत जिले का नाम रोशन करते रहें। इस मौके पर गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, उपविकास आयुक्त गढ़वा, जिला परिषद उपाध्यक्ष गढ़वा गढ़वा जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा जिला खेल पदाधिकारी गढ़वा उमेश लोहरा निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतेश कुमार निशांत गढ़वा जिला ओलंपिक के वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, कमलेश पांडे, अतुल मिश्रा, कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, नशीम अख्तर, ओम प्रकाश गुप्ता, राजेश कुमार, चंद्रवंशी किशोर कुणाल, नीलकंठ सिंह, विजय सिंह, लक्ष्मणराव धर्मेंद्र पाल, सतेंद्र प्रसाद यादव आदि उपस्थित थे।

## मुखिया ने 60 दिव्यांगों को किया सम्मानित



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत खरडीहा पंचायत भवन में पंचायत के मुखिया नेहा कुमारी एवं मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो युवा प्रखंड सचिव पप्पू यादव ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पंचायत एवं प्रखंड के 60 (साठ) दिव्यागों को आदर पूर्वक शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया है। इसके संबंध में मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव ने बताया कि वे पिछले वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पंचायत एवं प्रखंड के सरकारी नौकरी करने वाले सेवकों को सम्मानित करने का काम किया था और आगे आने वाले 78 वे स्वतंत्रता दिवस 2024 में भी पंचायत एवं प्रखंड के विध्वा महिलाओं को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है।इस प्रकार के कार्यक्रमों से खुश होकर दिव्यांग जनों तथा खरडीहा पंचायत के ग्रामीण जनता ने मुखिया की सराहना की है। इस मौके पर पूर्व मुखिया पारस नाथ पांडेय, पंचायत समिति सदस्य नौशाद अंसारी, झामुमो पंचायत अध्यक्ष योगेंद्र यादव, शिक्षक अवधेश पांडेय, इंद्रदेव राम, विजय प्रताप सिंह, सेवा निवृत्त शिक्षक सुरेश पांडेय, विकास यादव, बुधन यादव, शिव चंद यादव, अरूणलाल श्रीवास्तव, बबलू यादव, श्रवण यादव, मकबूल अंसारी, अमीन अंसारी, लाल बिहारी यादव, महेंद्र यादव अशोक यादव, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, लव कुमार पांडेय, धनजी सिंह, देव कुमार यादव, कपिल उरांव, पूरण सिंह, राजकुमार कोरवा, शंकर राम चंद्रवंशी, सुभाष राम चंद्रवंशी उपस्थित थे।

# गढ़वा को मिलीं 12 नयी 108 एंबुलेंस

- लगातार सुदृढ़ हो रही है चिकित्सा व्यवस्था, इमरजेंसी में आसानी से उपलब्ध होगा एम्बुलेंस : मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** गढ़वा जिला को 12 और 108 एंबुलेंस प्राप्त हुआ है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शुक्रवार को विधिवत पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर यह एंबुलेंस जनता के लिए समर्पित किया। साथ ही हरी झंडी दिखा कर एंबुलेंस को भ्रमण के लिए मंत्री ने रवाना किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा जिला वासियों को तत्काल एंबुलेंस की इमरजेंसी सेवा आसानी से उपलब्ध हो जायेगी। पहले से जिले में 14 एंबुलेंस उपलब्ध है। आज 12 और नया एंबुलेंस आ गया है। साथ ही यथाशीघ्र दो और नया एंबुलेंस गढ़वा को मिल जायेगा। जिले में अब 108 एंबुलेंस की संख्या 28 हो गयी है। उन्होंने कहा कि गढ़वा वासियों को जिले के हर कोने से तत्काल एंबुलेंस की सेवा उपलब्ध हो जायेगी। पहले एंबुलेंस की संख्या कम होने से उपलब्धता में परेशानी होती थी, परंतु अब यह समस्या नहीं रहेगी। इमरजेंसी की स्थिति में मरीजों की जान बचायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार बेहतर कार्य हो रहा है। सदर हॉस्पिटल की कार्य क्षमता एवं अत्याधुनिकिकरण में काफी विकास हो चुका है। मंत्री ने कहा कि वे गढ़वा को चिकित्सा, शिक्षा, बिजली, पानी, सड़क सभी क्षेत्रों में बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस कार्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भरपूर सहयोग मिल रहा है। आने वाले समय में स्थिति और बेहतर होगी। मौके पर मुख्य रूप से उपायुक्त शेखर जमुआर, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, सुबोध सिंह सहित कई चिकित्सक व चिकित्सा पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता सेनानी कौशल ठाकुर फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय रामा साहू आर्य वैदिक विद्यालय स्थित आउटडोर स्टेडियम में स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर फुटबॉल प्रतियोगिता गढ़वा जिला का उद्घाटन पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह झारखंड फुटबॉल संघ के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया। इसके पश्चात मंच पर उपस्थित उद्घाटन समारोह में मंचासीन अतिथियों का स्वागत भाषण गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा ने करते हुए कहा कि मंत्रीजी की उपस्थिति हमारे लिए गौरवशाली और बहुत ही उत्साह का विषय है। श्री मिश्रा ने गढ़वा उपायुक्त का भी आभार व्यक्त जताया। उन्होंने कहा कि बहुत ही हर्ष का विषय है कि गढ़वा में खेल की इतनी सारी गतिविधियां हो रही है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि जब से मैं जन प्रतिनिधि बना हूं, गढ़वा जिले में लगातार विभिन्न खेलों का बड़ा से बड़ा आयोजन संपन करने का प्रयास जारी है। आने वाले दिनों में इंटर डिस्ट्रिक्ट झारखंड राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गढ़वा जिला में होने जा रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में गढ़वा जिला फुटबाल संघ एवं गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के सभी पदाधिकारी की पूरी-पूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में मंच पर उप विकास आयुक्त गढ़वा जिला परिषद उपाध्यक्ष गढ़वा जिला खेल पदाधिकारी गढ़वा निदेशक सामाजिक सुरक्षा गढ़वा के साथ ही गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के वरीय सचिव उदय नारायण तिवारी विधायक प्रतिनिधि बिजली विभाग नसीम अख्तर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अब्दुल्ला हक अंसारी झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष तनवीर आलम कमलेश कुमार पांडे सुशील कुमार तिवारी ओमप्रकाश गुप्ता अजयकांत इंद्रदेव सिंह जेम्स बड़ा नीलकंठ सिंह विजय सिंह लक्ष्मण राम किशोर कुणाल रजत कुमार उपेन्द्र राम खुर्शीद अंसारी धर्मेंद्र पाल सतेंद्र प्रसाद यादव प्रियंका कुमारी सोनाली कुमारी इत्यादि उपस्थित थे

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय साह
प्रखंड प्रमुख सगमा
जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरोज देवी
मुखिया
ग्राम पंचायत घघरी
प्रखंड सगमा
जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर झारखंड वासियों एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता को हार्दिक बधाई
बाबूलाल मरांडी
प्रदेश अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी
झारखंड
HAPPY INDEPENDENCE DAY
रामचन्द्र केशरी
पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार
सह
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
भाजपा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नीतीश कुमार सिंह
थाना प्रभारी
श्री बंशीधर नगर जिला
गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सत्यम कुमार
प्रखंड विकासपदाधिकारी
प्रखंड सगमा
जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इंद्रजीत कुशवाहा
मुखिया
ग्राम पंचायत बीरबल
प्रखंड सगमा
जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महताब आलम
प्रबंधक ब्राइट स्टार
पब्लिक बीरबल
प्रखंड सगमा जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमोद कुमार केसरी
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी
श्री बंशीधर नगर जिला
गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रवण राम
प्रखंड विकास पदाधिकारी
श्री बंशीधर नगर जिला
गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नित्यानंद चौबे
वरिष्ठ अधिवक्ता सह
पदाधिकारी अधिवक्ता संघ
श्री बंशीधर नगर गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार रजक
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय
कोलझिकि
नगर उंटारी गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय कुमार मेहता
प्रधानाध्यापक
उच्च विद्यालय हलिवंता
नगर उंटारी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो अमरेश कुमार यादव
व्याख्याता
टी डी एम कालेज
अधौरा श्री बंशीधर नगर
जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ संतोष कुमार यादव
आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य
पदाधिकारी श्री बंशीधर
नगर जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लवली आनंद
प्राचार्य
मां नगीना शाही इंटर
महाविद्यालय
श्री बंशीधर नगर जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवनीस बोदरा
शाखा प्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक
श्री बंशीधर नगर जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ अभिमन्यु सिंह
जीवन हॉस्पिटल
श्री बंशीधर नगर जिला
गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भानु प्रताप शाही
पूर्व मंत्री सह भाजपा विधायक
भवनाथपुर विधानसभा, बंशीधर नगर, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अलख नाथ पांडेय
निदेशक
आर व के व पब्लिक स्कूल सीबीएसई से मान्यता प्राप्त
विद्यालय अधौरा बंशीधर नगर जिला गढ़वा
नामांकन प्रारम्भ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शारदा महेश प्रताप देव
वरिष्ठ भाजपा नेता सह सचिव टीडीएम इंटर
कॉलेज, अधौरा बंशीधर नगर, गढ़वा

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 19 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



# सीआरपीएफ ने 600 पौधे लगाये




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ 172 बटालियन के द्वारा अखिल भारतीय वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत आज 600 पौधे लगाये गये। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट नृपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण करने से जहां एक और पर्यावरण सुरक्षित व संरक्षित रहेगा वहीं दूसरी ओर हरित धरती का संदेश सदैव फलीभूत होता रहेगा। साथ ही कहा प्रत्येक जवान कम से कम एक वृक्ष लगाकर उसके सतत सेवा करने का प्रण ले। मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी अमरेंद्र कुमार सिंह उप कमान यू आर रामेश्वरम सीएमओ आस्था कोहली चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शैंकी चंडोक एवं अधिकारी व जवान पौधरोपण में उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव रंजन
ग्राम रोजगार सेवक पंचायत, खरडीहा, प्रखंड, रंका, जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सविता गुप्ता
मुखिया
पति राजेश कुमार मद्धेशिया
मुखिया प्रतिनिधि पंचायत रंकाकला प्रखंड रंका गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमजद आलम
रोजगार सेवक पंचायत सोनदाग प्रखंड रंका गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आफताब आलम
जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक झामुमो जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संपूर्णा तिवारी
जिला परिषद सदस्य पति राहुल तिवारी जि प स प्रतिनिधि प्रखंड रंका उतरी जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राम नारायण सिंह
अनुमंडल पदाधिकारी रंका अनुमंडल जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सोनू कुमार
प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा प्रखंड रंका गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अर्पण बाखला
ग्राम रोजगार सेवक पंचायत रंकाकला प्रखंड रंका जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन कुमार
प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण प्रखंड रंका जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दयाशंकर सिंह
रोजगार सेवक पंचायत कटरा प्रखंड रंका जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जैनुल्लाह अंसारी
अध्यक्ष झामुमो अनुमंडल रंका गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक कुमार सोनी
अध्यक्ष युवा मोर्चा झामुमो प्रखंड रंका गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज कुमार तिर्की
प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी प्रखंड रंका गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रिंकी देवी
मुखिया
पति राधेश्याम सिंह मुखिया प्रतिनिधि पंचायत तमगेकला प्रखंड रंका गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नितेश कुमार सिंह
बीस सूत्री उपाध्यक्ष जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नौशाद अंसारी
पंचायत समिति सदस्य खरडीहा प्रखंड रंका जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय कुमार
पंचायत सचिव पंचायत चुटिया एवं खपरो प्रखंड रंका जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कुमार गुप्ता
गोदाम सहायक झारखंड राज्य फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया प्रखंड रंका गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल कुमार चंद्रवंशी
पूर्व मुखिया पंचायत खरडीहा सह उपाध्यक्ष झामुमो रंका अनुमंडल जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शंकर प्रसाद कुशवाहा
थाना प्रभारी रंका थाना जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक सिंह उर्फ छोटू सिंह
मुखिया प्रतिनिधि पंचायत विश्रामपुर प्रखंड रंका गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू
जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा झामुमो गढ़वा सह विधायक प्रतिनिधि वन एवं पर्यावरण विभाग गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उमा देवी
पूर्व जिला परिषद सदस्य दक्षिणी प्रखंड रंका जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कुमार
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंका अनुमंडल जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हीरामणि देवी
पंचायत समिति सदस्य पति नारद सिंह पंचायत सिरोईखुर्द प्रखंड रंका गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हेमंत लकड़ा
प्रमुख प्रखंड रंका जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शंभू राम
अंचल पदाधिकारी रंका जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पप्पू यादव
मुखिया प्रतिनिधि पंचायत खरडीहा सह युवा सचिव झामुमो प्रखंड रंका गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवानंद राम
प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड रंका गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अहमद अली अंसारी
बीस सूत्री अध्यक्ष प्रखंड रंका जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव पांडेय
वनपाल रंका पूर्वी वन क्षेत्र जिला गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष कुमार गुप्ता
अध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड रंका गढ़वा

## कंप्रीहेंसिव लाइवलीहुड एडेप्शन पाथवे की बैठक



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को कंप्रीहेंसिव लाईवलीहुड एडेप्शन पाथवे की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में संस्था प्रदान द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन की सहायता से लोहरदगा जिला के सेन्हा, कुडू, भण्डरा और किस्को में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इसमें महिला स्वयंसहायता समूहों के गठन, स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य/जागरूकता कार्यक्रम, भूमि की उर्वर क्षमता को बढ़ाने के लिए गैर रासायनिक खाद का प्रयोग करने व निर्माण का तरीका, वर्मी कंपोस्ट का विकल्प, जल छाजन की दिशा में किये जा रहे कार्य, मल्टीलेयर फार्मिंग आदि के बारे बताया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पवन कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूजा कुमारी, पीपीआईए फेलो हेमलता बजाज, प्रदान संस्था के टीम कोर्डिनेटर फहाज खान व टीम के सदस्य उपस्थित थे।

## गणिनाथ गोविंद जी का जयंती समारोह 16 को



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय मध्य देशीय हलवाई समाज के बरवाडीह इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष आनंद प्रसाद उर्फ नंदू की अध्यक्षता में बरवाडीह में महेंद्र प्रसाद के आवास पर हुई। बैठक के दौरान बाबा गणिनाथ गोविंद जी की जयंती मनाने पर चर्चा की गयी। तय किया गया कि बरवाडीह रेलवे क्लब में बाबा गणिनाथ गोविंद जी की जयंती पर आगामी 16 सितंबर को मनायी जायेगी। सुबह 9:00 बजे से पूजा अर्चना, झंडोत्तोलन, प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा.इस दौरान कमेटी का गठन किया गया। जिसमें पूरा कमेटी में अजीत कुमार को अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष संजय कुमार संजू को सचिव सिद्धनाथ प्रसाद को कोषाध्यक्ष रामनाथ प्रसाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं सक्रिय सदस्य में महेंद्र प्रसाद, संतोष प्रसाद, प्रेमचंद प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, विजय प्रसाद, रामनाथ, छोटू, मनोज आदि को बनाया गया।

## फरार आरोपी के घर चिपकाया गया इश्तेहार



महुआडांड(आजाद सिपाही)। महुआडांड़ थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या 35 -18 के प्राथमिक अभियुक्त राजू भुइंया पिता छोटेलाल भुइंया सा लवाही थाना डंडई जिला गढ़वा के घर पर न्यायालय से प्राप्त इश्तेहार को चिपकाया। इस संबंध में एसआई संजय रत्न ने बताया कि महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चटकपुर के सालो झरिया क्षेत्र में नक्सली द्वारा आगजनी की गयी थी, इस संदर्भ में महुआडांड़ थाना में कांड संख्या 35 -18 के अंतर्गत मामला दर्ज हुआ था। उसके बाद से पुलिस द्वारा इस संदर्भ में राजू भुइंया को ढूंढने का काफी प्रयास किया गया, किंतु लोग अब तक नहीं मिला। जिसके कारण न्यायालय से इश्तेहार निर्गत किया गया था। जिसे लेकर पुलिस द्वारा राजू भुइंया के घर पर इश्तहार तमिला कराया गया। इश्तेहार तमिला होने के पश्चात 30 दिनों की अवधि में आत्मसमर्पण करना है। ऐसा नहीं करने पर कुर्की जब्ती हो जायेगी।

# शुल्क बढ़ने से मरीज परेशान सिविल सर्जन से की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा ।** सदर अस्पताल में मौजूद डायलिसिस सेंटर में 1206 रुपए शुल्क लिए जाने से मरीजों की परेशानी बढ़ गयी है। बता दें कि सदर अस्पताल परिसर में लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत और झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन किया था। इस डायलिसिस सेंटर का संचालन एस्केप संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता कर रही है। लोहरदगा जिले में हर महीने 2 सौ से ढाई सौ मरीजों का डायलिसिस होता है। जब आज यहां पहुंचने वाले मरीजों से डायलिसिस के लिए मिलने वाले उपकरण के नाम पर 1206 चार्ज किया जा रहे हैं तो डायलिसिस करा रहे मरीजों की परेशानी बढ़ गयी है। वही डायलिसिस सेंटर के संचालक बता रहे हैं कि सदर अस्पताल प्रबंधन से बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे कंपनी दवा और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं है। इस पूरे मामले पर सिविल सर्जन डॉ राज मोहन खलखो ने बताया कि संबंधित अकाउंटेंट को भुगतान के आदेश दिये गये हैं। मरीज से भुगतान लिया जा रहा है तो उन्हें कंपनी के द्वारा पैसे की वापसी करायी जायेगी।

## आज इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। दिनांक 19 अगस्त को एमएलए महिला कॉलेज में इंटर स्कूल बैडमिंटन टूनार्मेंट 2023 का आयोजन किया जाएगा। महिला कॉलेज इंडोर कोर्ट, लोहरदगा में इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा, पुलिस अधीक्षक आर. रामकुमार करेंगे। इस मौके पर पीके सिंह, पूर्व एमएलसी होंगे। उक्त जानकारी डॉ गणेश प्रसाद, अध्यक्ष, लोहरदगा जिला बैडमिंटन संघ-सह- कार्यकारी अध्यक्ष, झारखंड बैडमिंटन संघ ने दी।

## शिविर में 51 पशुओं को दी गयी नि:शुल्क दवा

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत साके ग्राम में पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कर शिविर में लगभग 40 पशुपालक किसानों का 51 पशुओं का जांच कर नि:शुल्क दवा दिया गया।

# वज्रपात से किसान राम उरांव की मौत



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को थाना क्षेत्र में एक बार फिर से कुदरत का कहर शुक्रवार को देखने के लिए मिला है। परिजनों के अनुसार स्वर्गीय विजय उरांव का 42 वर्षीय पुत्र राम उरांव सुबह करीब 9:30 बजे घर से थोड़ी दूरी पर स्थित अपने खेत में धनरोपनी कार्य हेतु खेत तैयार करने गया हुआ था, इस बीच अचानक हुई वज्रपात से किसान की मौके पर मौत हो गयी, जिससे परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल हो गया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत पाखर की मुखिया फुलमनी देवी बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के सदस्य उधवा उरांव और समाजसेवी रंथू उरांव के द्वारा वज्रपात से मृत राम उरांव के शव को पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एम्बुलेंस के द्वारा सदर अस्पताल लोहरदगा ले गये, जहां पर शव का पोस्टमार्टम कराकर देर शाम अपने गंतव्य तिसिया डूमर टोली दाह संस्कार हेतु ले गये।

## विरसा हरित ग्राम योजना के तहत 30 अगस्त तक पौधरोपण का कार्य करें पूर्ण : बीडीओ



कैरो लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कैरो के कार्यालय सभागार में 18 अगस्त शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजना का समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा अंतर्गत योजना में अधिक से अधिक (पीड़ी) मजदूर को बढाने, बिरसा हरित ग्राम योजना बागवानी मिशन के दूसरे फेज में सभी चयनित लाभुको के भूमि पर 30 अगस्त तक पौधा लगाने का कार्य को पूर्ण करने व सभी पंचायत में हो पोटो खेल मैदान का निर्माण और चेंजिंग रूम का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करने साथ ही पूर्ण हुए कार्यो का अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ रघुनाथ मुंडा,दिनेश कुमार, गुहा उरांव, आनंद सिंह, पावन कुमार, दुर्गा बच्चन, रौशन उरांव, प्रवेज अख्तर, नंदा भगत, राजमणी मिंज, मंसूर आलम, राजू कुमार, राजीव कुमार पंचम एतवा पहान आदि उपस्थित थे।

## कुडू में दीया ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन



कुडू (आजाद सिपाही)। कुडू में दीया ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन डॉक्टर देव प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी डॉक्टर श्रावणी चौधरी ने फीता काटकर किया। मौके पर संस्था के प्रोपराइटर तारामणि देवी ने कहा कि यहां पर हर्बल कॉस्मेटिक हेयर कटिंग फेशियल थ्रेडिंग वैक्सीन एवं दुल्हन का मेकअप किया जाता है और पार्लर का कोर्स भी कराया जाता है। उचित मूल्य पर उपरोक्त सभी कार्य किया जाता है।

## रोजेदारों की हत्या के मामले में आजीवन कारावास

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मस्जिद से नमाज अदा कर घर लौट रहे रोजेदार को रास्ते में रोककर टांगी मार कर हत्या करने के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी। घटना 23 अप्रैल 2021 शाम 5 बजे की है। जब कुर्बान अंसारी और नौशाद अंसारी नमाज अदा कर अपने घर लौट रहे थे इसी बीच सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा टंगरा टोली में सड़क किनारे रोक कर उसकी हत्या कर दी गयी थी। घटना की सूचना के बाद सेन्हा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्याकांड में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और हत्याकांड के एक प्रत्यक्षदर्शी के बयान पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। एफएसएल की जांच रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शी की गवाही से नौशाद अंसारी और कुर्बान अंसारी को न्याय मिला है। एडीजे 3 अरविंद कुमार की अदालत ने नौशाद अंसारी और कुर्बान अंसारी के हत्यारे जमाल अंसारी, कमाल अंसारी, कुरचिया बेगम और मारूफा खातून को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। साथ ही धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माना धारा 307 के तहत 10 वर्ष का कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माना, 306 के तहत 3 वर्ष का कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। सभी धाराएं साथ साथ चलेंगी।

## प्रखंड वासी बिजली की आंखमिचौली से परेशान

महुआडांड़(आजाद सिपाही)। बिजली की अनियमित आपूर्ति से महुआडांड प्रखंड वासियों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार बिजली सप्लाई बिना कोई सूचना के ही कटौती की जा रही है। बिजली की सप्लाई न मिलने से कई व्यापारी व कई बिजली उपभोक्ता परेशान है। इससे नाराज ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने समस्या हल न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## पंचायतों से मिट्टी संग्रहित कर मुख्यालय में जमा किया गया

भंडरा/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रखंड के सभी पंचायत से माटी संग्रह कर शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में जमा किया गया। इस दौरान प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधि मुखिया ने गांव की पवित्र मिट्टी को कलश में भरकर पूरे विधि विधान के साथ प्रखंड मुख्यालय पहुंचे और पूरे सम्मान के साथ गांव की पवित्र मिट्टी को एक बड़े कलश में जमा किया गया। बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा पंचायतों से संग्रह कर लाये गए पवित्र मिट्टी को पूरे ससम्मान के साथ जिला मुख्यालय भेजा गया। मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर, एलिओ सह कल्याण पदाधिकारी नीता सरकार, बीएचओ मनोज कुमार, एसआई विकास कुमार विश्कर्मा, मुखिया इंद्रदेव उरांव, परमेश्वर महली, टेले उरांव, सुमंती तिग्गा, कईली उरांव, सुमीत उरांव, धनेश्वरी देवी, ममता कुमारी सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।





























































# केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और निर्मला सीतारमण ने भुवनेश्वर में कुवी और देसिया पुस्तकें लांच की

**स्थानीय भाषाओं और बोलियों में प्राथमिक शिक्षा के लिए पुस्तकों का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ायेगा: निर्मल सीतारामन**

**कुवी और देसिया पुस्तकें ओडिशा के आदिवासी समुदाय की मजबूत शैक्षिक नींव को आकार देंगी, सांस्कृतिक, भाषाई विरासत और पहचान को संरक्षण और बढ़ावा देंगी: धर्मेंद्र प्रधान**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारामन ने भुवनेश्वर में कुवी और देसिया पुस्तकें लॉन्च की। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के संचार मंत्रालय के डाक विभाग की ओर से विशेष कवर भी जारी किया गया। यह कोरोपुट के ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, डाक विभाग और एनसीइआरटी के साथ एक सहयोगात्मक प्रयास का प्रतीक है।

लॉन्च समारोह में सभा को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने उल्लेख किया कि ओड़िशा की कुल आबादी का 23 प्रतिशत हिस्सा 62 से अधिक जनजातियों को कवर करता है, इसलिए छात्रों को उनके बोलने के कौशल, सीखने के परिणाम और संज्ञानात्मक विकास में सुधार के लिए उनकी स्थानीय प्रकृति और संस्कृति के आधार पर चित्रों, कहानियों और गीतों की मदद से पढ़ाना आवश्यक हो जाता है। इस संबंध में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीइआरटी) ने पहली बार ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहयोग से उन बच्चों के लिए दो अमूल्य पुस्तकें कुवी प्राइमर और डेसिया प्राइमर तैयार की हैं, जो ओडिशा के अविभाजित कोरापुट जिले में कुवी और देसिया आदिवासी भाषाएं बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये दो प्राइमर न केवल उन बच्चों की मजबूत शैक्षिक नींव को आकार देंगे, बल्कि ओड़िशा के आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक, भाषाई विरासत और पहचान को संरक्षण और बढ़ावा भी देंगे।

इस अवसर पर बोलते हुए निर्मला सीतारामन ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 एक बहुत ही प्रगतिशील नीति है। यह विभिन्न लोगों के एक साथ विचार करने और व्यापक विचार-विमर्श का परिणाम है। एनईपी एक लचीली नीति है। यह कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे केंद्र तय करता है और सभी राज्यों पर थोपता है। उन्होंने बताया कि यह एक व्यापक रूपरेखा है और राज्यों को अपनी आवश्यकताओं के अनुसार इसे अपनाने की जिम्मेदारी दी गयी है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि जब कोई अपनी मातृभाषा में सीखता, बोलता और सोचता है तो विचार की स्पष्टता होती है जिसका उपयोग बाद में किया जा सकता है इसलिए मातृभाषा में सीखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान आदिवासी बच्चों की शिक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय भाषाओं और बोलियों में प्राइमर पेश करने का कदम एक पीढ़ीगत कदम है और यह माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के दृष्टिकोण को भी समृद्ध करेगा।

देश के लिए बलिदान देने वाले नायकों को श्रद्धांजलि देने के लिए देश के प्रधान मंत्री के आह्वान पर देशव्यापी मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत दोनो मंत्रियों ने आज कई कार्यक्रमों में भाग लिया। दोनो मंत्री पुरी समुद्र तट पर पद्मश्री पुरस्कार विजेता सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक द्वारा मेरी माटी मेरा देश पर आधारित सैंड आर्ट देखने गए। श्री प्रधान ने कहा कि यह कलाकृति देश के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले नायकों को श्रद्धांजलि देने का अनूठा और सराहनीय तरीका है। उन्होंने इस कार्य में लगे सभी मूर्तिकारों को धन्यवाद दिया। मेरी माटी मेरा देश के 'शिलाफलकम समर्पण' और 'वसुधा वंदन' पहल के तहत दोनों मंत्रियों ने छात्रों के साथ मिलकर शहीदों की याद में एक 'स्मारक पट्टिका' स्थापित की और पुरी में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सदाशिव परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम में भी भाग लिया।

## न्यूज रील्स

### अंगुल जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का निधन



भुवनेश्वर। अंगुल जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र पाणिग्राही (58) का गुरुवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया, जब वह बाजार से लौट कर घर पर कुछ काम कर रहे थे, तब उनको उल्टी हुआ। उन्हें तुरंत जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। स्वर्गीय पाणिग्राही ने एक मेहनती, ईमानदार पुलिस अधिकारी थे। उनका हाल ही में बालेश्वर जिले में तबादला किया गया था। उन्हें कुछ दिनों में नयी जगह पर जाना था। उनके निधन की खबर पाकर उत्तर केंद्रांचल के डीआइजी ब्रिजेश राय, पुलिस अधीक्षक सुधांशु शेखर मिश्र जिला प्रमुख अस्पताल पहुंचे और उनके अंतिम दर्शन किये। दोपहर में उन्हें छेलीआपड़ा स्थित पुलिस रिजर्व ग्राउंड में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वह बलांगीर में रहते थे, जबकि उनका पैतृक घर सोनपुर जिले में है। इसलिए उनके पार्थिव शरीर को वहां ले जाया गया है। उनकी मृत्यु के समय उनकी पत्नी सस्मिता पाणिग्राही उनके साथ थीं।

# एनटीपीसी की बाढ़ सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट यूनिट-2 राष्ट्र को समर्पित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय ऊर्जा, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने शुक्रवार को बिहार के पटना के बाढ़ में बाढ़ सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की 660 मेगावाट यूनिट 2 को समर्पित किया। मंत्री ने यूनिट को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए परियोजना में शामिल सभी इंजीनियरों और श्रमिकों सहित टीम एनटीपीसी को बधाई दी। इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री ने बिहार की 90% से अधिक बिजली आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एनटीपीसी की सराहना की।

बाद में मंत्री ने परियोजना की इकाई 2 (660एमवी) के पूरा होने से जुड़े इंजीनियरों और श्रमिकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र कुमार सिंह विधायक, बाढ़ ने भी संबोधित किया। इससे पहले, एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह ने मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और उनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। के श्रीकांत, सीएमडी, पावरग्रिड, दिलीप कुमार पटेल, निदेशक (एचआर), एनटीपीसी, उज्ज्वल कांति भट्टाचार्य, निदेशक (परियोजना), एनटीपीसी, बिहार सरकार, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य उपस्थित थे।

## संबलपुर मंडल में सद्भावना दिवस का आयोजन



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल में शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में सद्भावना दिवस मनाया। संबलपुर के अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक, आनंद सिंह ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलायी।

## खोरधा रोड मंडल ने सद्भावना दिवस मनाया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में खोरधा रोड मंडल ने सद्भावना दिवस मनाया। इसका उद्देश्य सभी धर्मों, भाषाओं और क्षेत्रों के लोगों के बीच राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। एचएसबाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलायी। प्रमोद बेहरा, मंडल कार्मिक अधिकारी, खोरधा रोड ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

## पूर्व तट रेलवे ने सद्भावना दिवस मनाया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे ने अपने मुख्यालय भुवनेश्वर और अपने सभी रेलवे स्टेशनों पर सद्भावना दिवस मनाया है। रेल सदन में रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा के नेतृत्व में रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने जाति, धर्म या भाषा की परवाह किये बिना भारत के सभी लोगों की भावनात्मक एकता और सद्भाव के लिए काम करने के लिए सद्भावना दिवस की शपथ ली। समारोह की अध्यक्षता रेलवे उप मुख्य कार्मिक अधिकारी ज्योति ने की।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





सुशीला मिश्रा
जिलाध्यक्ष
झामुमो पलामू महिला मोर्चा
सह सदस्य झारखंड अधिविद्य परिषद रांची

राजेन्द्र सिन्हा
अध्यक्ष
झामुमो
पलामू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




रामदास साहू
समाजसेवी
पलामू

स्वतंत्रता दिवस की पलामू सहित पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



निवेदक
आशीष भारद्वाज
युवा समाजसेवी पलामू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



विष्णु दयाल राम
सांसद पलामू लोकसभा क्षेत्र
सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास
जय जवानजय किसान जय विज्ञान- अमृतकाल वर्ष में मोदी जी नेतृत्व में
निरंतर विश्वगुरु की ओर भारत बढ़ा रहा है कदम

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**